जवाब.तीन दो लड़के (1)अफ़राईम (2)मीशा और एक लड़की रहमा। (तज़किरतुल अम्बिया स0 165)

सवाल.247. हज़रत यूसुफ़ अलेहिस्सलाम की उम्र कितनी थी और आपका मज़ार पाक कहां है?

जवाब.एक सौ बीस साल,और आपका मज़ार पाक जबरून में है। (सावी जि0 2 स0 27)

सवाल.248. क़ोमे समूद किस नबी की क़ोम को कहा जाता है?

जवाब.हज़रत हूद अलेहि0 की क़ोम को। (तज़किरतुल अम्बिया स0 198)

सवाल.249.हज़रत हूद अलेहि0 के वालिद का क्या नाम है?

जवाब.अब्दुल्लाह था। (तज़किरतुल अम्बिया स0.198)

सवाल.250.हज़रत हूद अलेहिस्सलाम हज़रते नूह अलेहि0 के कितने दिन बाद तशरीफ़ लाये?

जवाब.आठ सौ साल बाद तशरीफ़ लाये। (तज़किरतुल अम्बिया स0 195)

सवाल.251. हज़रत हूद अलेहिस्सलाम अपनी क़ोम को समझाने के लिए कितने लोगों को भेजा था?

जवाब.तीन को। (1)क़ील बिन उश्र (2)नईम बिन हज़ाल (3)मुर्शिद बिन सअद।

सवाल.252. हज़रत हूद अलेहि0 की क़ोम का क़द कितना ऊंचा था?

जवाब.छोटे क़द के लोग नव्वे फ़िट के और बडे क़द के लोग एक सौ पचास फ़िट के थे। (तज़किरतुल अम्बिया स0 197)

सवाल.253. हज़रत हूद अलेहिस्सलाम की क़ौम पर किस शक्ल में अज़ाब ए इलाही का नुज़ूल हुआ?

जवाब.आंधी और गरम रैत की शक्ल में जो मुसलसल सात रातें और आठ दिन रहा और सब रैत के टीलों में दब कर नेस्त व नाबूद हो गये। (तज़किरतुल अम्बिया स0.203)

सवाल.254. हज़रत हूद अलेहि0 की कितनी उम्र थी?

जवाब.चार सौ चोंसठ साल। (तज़किरतुल अम्बिया स0 195)

सवाल.255.हज़रत हूद अलहि0 का मज़ार शरीफ़ कहां है?

जवाब.हज़रे मौत या मकामें इब्राहीम और ज़मज़म शरीफ़ के दरमियान। (ख़ाज़िन जि 2 स0.207)

सवाल.256. हज़रत सालेह अलेहिस्सलाम हज़रत हूद

अलेहि0 के कितने साल बाद पैदाहुये?

जवाब.सौ साल बाद पैदा हुये।

सवाल.257.हज़रत सालेहअलेहि0के वालिद का नाम क्या है?

जवाब.उबैद।

सवाल.258. आप की क़ौम के एक सरदार ने आपस मोअजज़ा तलब किया था उसका क्या नाम है?

जवाब.जनदा बिन उमर।

सवाल.259. वो कौनसा मोअजज़ था जिसे आपने कर दिखाया?

जवाब.पहाड़ की चट्टान से आपने हामला ऊंटनी पैदा कराकर दिखाई। (तज़किरतुल अम्बिया स0 209)

सवाल.260. हज़रत सालेह अलेहि0 की कितनी उम्र थी?

जवाब.दो सौ अस्सी साल। (सावी जि0 2 स0 73)

सवाल.261.हज़रत सालेह अलेहि0का मज़ार शरीफ़ कहां है?

जवाब.मक़ामे इब्राहीम और ज़मज़म शरीफ के दरमियान।

(खाज़िन जि0 2 स0 207)

सवाल.262. कौन नबी सिफ़ते सब्र से मशहूर हैं?

जवाब.हज़रत अय्यूब अलेहिस्सलाम। (कंजुल ईमान सु0 सुआद)

सवाल.263. हज़रत अय्यूब अलेहिस्सलाम के वालिद का क्या नाम है?

जवाब.अनूस। (तज़किरतुल अम्बिया स0 212)

सवाल.264. आपकी ज़ौजा (बीवी) का क्या नाम है?

जवाब. रहमा। (तज़किरतुल अम्बिया स0 212)

सवाल.265. जब आपके अक़रबा ने आपसे आजिज़ आकर शहर से बाहर कर दिया तो आपका साथ किसने दिया?

जवाब.आपकी नेक बीवी रहमा ने।

सवाल.266. हज़रत अय्यूब अलेहि0 को इस मर्ज़ से कैसे निजात मिली?

जवाब. अल्लाह तआला का हुक्म हुआ के अपना पांव ज़मीन पर मारो उससे एक चश्मा जारी होगा उस पानी से रोज़ गुस्ल करो तुम्हें शिफ़ा मिलेगी ऐसा करने पर उन्हें निजात मिली।(तज़किरतुल अम्बिया स0 216)

सवाल.267. हज़रत अय्यूब अलेहि0 की कितनी उम्र थी?

जवाब.93/तिरान्वे साल। (क्या आप जानते हैं स0 113)

सवाल.268.हज़रत अय्यूब अलेहि0 का मज़ार पाक कहां है?

जवाब.मुल्के शाम के एक गावं में। (उमदतुलकारी जि0 2 स0 51)

सवाल.269.हज़रत ज़ुलकिफ़्ल अलेहि0 किस नबी के बेटे हैं?

जवाब.हज़रत अय्यूब अलेहिस्सलाम के। (तज़किरतुल अम्बिया स0 218)

सवाल.270. हज़रत ज़ुलकिफ़्ल का असली नाम क्या है?

जवाब.बशर या शरफ़। (तज़किरतुल अम्बिया स0 218)

सवाल.271. हज़रत ज़ुलकिफ़्ल अलेहि0 को ज़ुलकिफ़्ल कहने की वजह क्या थी?

जवाब.आप अलेहिस्सलाम यतीमों मोहताजों ग़रीबों बेवाह औरतों पर रहम फ़रमाते और इनकी ज़रूरियात का ख़याल करते उन्हीं मोहताजों की कफ़ालत करने की वजह से आपको ज़ुलकिफ़्ल कहा जाने लगा, जिसका माना है कफ़ालत करने वाला।

(तज़किरतुल अम्बिया स0 218)

सवाल.272. आप अलेहिस्सलाम के उस लड़के का क्या नाम है जिसको आपने वसियत कि थी के क़ौम को ईमान और नेक अमल की तरग़ीब देना?

जवाब.अब्दान।

सवाल.273. हज़रत ज़ुलकिफ़्ल अलेहि0 की उम्र क्या थी?

जवाब.75/पिछत्तर साल। (तज़किरतुल अम्बिया स0.218)

सवाल.274. वो कौनसे नबी थे जो हमेशा दिन को रोज़ा रखते और रात को नवाफ़िल अदा करते थे?

जवाब. हज़रत यसाअ अलेहिस्सलाम।

सवाल.275. हज़रत यसाअ अलेहिस्सलाम कौन कौन सी नुमाया ख़ूबियां थीं?

जवाब.दिन को रोज़ा रखना रात को नवाफ़िल अदा करना किसी बात में गुस्सा न करना और किसी फैसले में जल्दी बाज़ी न करना। (तज़किरतुल अम्बिया स0.218)

सवाल.276. आपने वक़्ते वफ़ात अपना जांनशीन मुक़र्र करने केलिए क्या शराइत रखे थे?

जवाब.(1)तमाम रात इबादत में गुज़ारनी है सोना नही है (2)दिन को रोज़ा रखना है गुस्से की हालत में कोई फैसला नही करना है। (तज़किरतुल अम्बिया स0.218ता219)

सवाल.277.कौन ऐसे दो नबी हैं जिनकी हर साल मुलाक़ात होती है?

जवाब.हज़रत इलयास अलेहिस्सलाम और हज़रत ख़िज्र अलेहिस्सलाम। (तज़किरत . अम्बिया स0.218ता219)

सवाल.278. इन दोनों हज़रात को अल्लाह तआला कहां मुक़र्र फ़रमाया है?

जवाब.हज़रत इलयास अलेहि0 को ख़ुशकी के लिए और हज़रत ख़िज़्र अलेहि0 को दरयों और जज़ीरों के लिए मुक़र्र फ़रमाया है। (तज़किरतुल अम्बिया स0.219)

सवाल.279. इन दोनों हज़रात की हर साल मुलाक़ात कहां होती है?

जवाब.हर साल हज के मोक़े पर मुलाक़ात होती है। (तज़किरतुल अम्बिया स0.219)

सवाल.280. हज़रत इलयास अलेहि0 के वालिद का क्या

नाम है?

जवाब.यासीन।

सवाल.281. एक सफ़र के दोरान हज़रते इलयास अलेहि0 की किस नबी से मुलाक़ात हुई जो दोनों ने साथ में खाना तनावुल फ़रमाया। और दोनों ने मिल कर अर्स की नमाज़ भी पढ़ी?

जवाब.नबी आख़िरुज़्ज़मा सललल्लाहु तआला अलेहि0से।

(तज़किरतुल अम्बिया स0 219)

सवाल.282. किस नबी ने आबे हयात नौश फ़रमाय और अब तक ज़िन्दा हैं?

जवाब.हज़रत ख़िज़्र अलेहिस्सलाम ने।

सवाल.283. हज़रत इलयास अलेहि0 और हुज़ूर सललल्लाहु तआला अलेहिवसल्लम ने खाने में क्या तनावुल फ़रमाया और वो खाना कहां से आया था?

जवाब.रोटी और मछली। ये खाना जन्नत से आया था।

(तज़किरतुल अम्बिया स0 219)

सवाल.284. वो कौन नबी हैं जिन्हों ने अपनी क़ोम को तीन दिन या चालिस दिन की मोहलत दी थी के अगर ईमान न लाओगे तो तुम पर अज़ाबे इलाही का नुज़ूल होगा?

जवाब.हज़रत यूनुस अलेहिस्सलाम। (तज़किरतुल अम्बिया स0 222)

सवाल.285.हज़रत यूनुस अलेहि0 का लक़ब क्या है?

जवाब.ज़ुन्नून और साहिबुल हव्वत। (सावी जि0 3 स0 73)

सवाल.286. हज़रत यूनुस अलेहिस्सलाम मछली के पैट में कितने दिन रहे?

जवाब.ब इख़्तिलाफ़ रिवायत, तीन दिन,सात दिन,बीस दिन, एक माह। (तज़किरतुल अम्बिया स0 226)

सवाल.287. हज़रत यूनुस अलेहिस्सलाम ने कौन सी दुआ पढ़ी थी जिससे मछली ने उनको उगल दिया?

जवाब.ला इलाहा इल्ला अन्ता सुबहानका इन्नी कुन्तुम मिनज़्ज़ालेमीन। (सूरतुल अम्बिया पारह 18 आयत 87)

सवाल.288. हज़रत यूनुस अलेहिस्सलाम किस नबी की दुआ से बचपर में विसाल के बाद फिर ज़िन्दा हो गये थे?

जवाब.हज़रत इलयास अलेहिस्सलाम की दुआ से चौदह दिन के बाद फिर ज़िन्दा हो गये थे। (सावी जि0 3 स0 72)

सवाल.289.हज़रत यूनुस अलेहि0का मज़ार पाक कहां है?

जवाब.मक़ामे नेनवा में। (आईनाये तारीख़ स0 123)

सवाल.290. वो कौन नबी हैं जिन्हें हज़रत आदम अलेहि0 ने अपनी उम्र में से कुछ अता किये थे?

जवाब.हज़रत दाउद अलेहिस्सलाम हैं जिन्हें हज़रतआदम अलेहिस्सलाम ने अपनी उम्र में से चालिस या साठ साल अता किये थे।

सवाल.291. हज़रत दाउद अलेहि0 हुज़ूरसलल्लाहु अलेहिवसल्लम से कितने साल क़ब्ल तशरीफ़ लाये?

जवाब. एक हज़ार सात सौ साल क़ब्ल। (तज़किरतुल अम्बिया स0 227)

सवाल.292. हज़रत दाउद अलेहिस्सलाम हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम से कितने साल क़ब्ल तशरीफ़ लाये?

जवाब.पांच सौ निन्नियानवे साल। (सावी जि0 2 स0 27)

सवाल.293. अल्लाह तआला ने हज़रते दाउद अलेहि0 के लिए किस चीज़ को मुसख़्ख़र फ़रमा दिया था?

जवाब.पहाड़ों और परिन्दों को। (तज़किरतुल अम्बिया स0.299)

सवाल.294. हज़रत दाउद अलेहिस्सलाम की कितनी

बीवियां थीं?

जवाब.निन्नियानवे सौ की ख़्वाहिश रखते थे। ([illegible])

सवाल.295. हज़रत दाउद अलेहि0 ज़बूर की तिलावत कितनी आवाज़ों में करते थे?

जवाब. 70/सत्तर आवाज़ों में करते थे। ([illegible] जि0 2 स0 16)

सवाल.296.हज़रत दाउद अलेहि0 की कितनी उम्र थी?

जवाब. सौ साल की उम्र थी। (तज़किरतु अम्बिया स0 227)

सवाल.297. हज़रत दाउद अलेहिस्सलाम के जनाज़े के साथ उलामा कितने थे?

जवाब.चालिस हज़ार। (अलबदाया वन्नहाया जि0.2 स0.17)

सवाल.298.हज़रत दाउद अलेहि0 का मज़ार पाक कहां है?

जवाब.बैतुल मुक़द्दस में।

सवाल.299. वो कौन नबी हैं जिनके लिऐ अल्लाह ने हवा को मुसख़्ख़र कर दिया था उस के ज़रिये जहां चाहते थे चले जाते थे?

जवाब.हज़रत सुलैमान अलेहि0के लिऐ। (कुरआन पाक पारह 27 सू0 [illegible] आयत 12)

सवाल.300. वो कौन नबी हैं जो परिन्दों की बोलियां समझते थे?

जवाब.हज़रत सुलैमान अलेहि0। (तज़किरतु अम्बिया स0.242)

सवाल.301. हज़रत सुलैमान अलेहि0 किसके बैटे थे?

जवाब.हज़रत दाउद अलेहि0 के। (तज़किरतु अम्बिया स0.242)

सवाल.302. हज़रते सुलैमान अलेहिस्सलाम के लश्कर कितने हिस्सों मे मुश्तमल थे?

जवाब.तीन हिस्सों पर। (1)जिन (2)इनसान (3)परिन्दे।

(तज़किरतु अम्बिया स0.242)

सवाल.303. जब हज़रत सुलैमान अलेहिस्सलाम अपने लश्करं के साथ यमन जा रहे थे तो उन्हें देखकर

चींटियों के सरदार दूसरी चींटियों से क्या कहा था?

जवाब.ऐ चींटियों! अपने घरों में चली जाओ कहीं सुलैमान और उनके लश्करी बेख़बरी में तुम्हें कुचल न डालें।

(कुरआन पाक पा0.19 सू0 नमल 18.19)

सवाल.304. उस चींटी का क्या नाम था और वो मुज़क्कर था के मुअन्नस थी?

जवाब.मंज़रह या ताख़िया था और वो मुअन्नस थी और वो लंगडी भी थी। [illegible]

सवाल.305. 'हज़रत सुलैमान अलेहिस्सलाम ने कितनी दूर से चियूंटी की आवाज़ें सुना था फिर आपने अपने लश्कर को क्या हुक्म दिया था?

जवाब.तीन मील दूर से सुनकर मुसकुराये और अपने लश्कर से आपने फ़रमाया के रूक जाओ चींटियों को अपने घरों में चले जाने दो।

(तजकिरतुल अम्बिया स0 246) (शाने हबीबुर्रहमान स0.124)

सवाल.306. हज़रत सुलैमान अलेहिस्सलाम की कितनी बीवियां थीं और कितनी बादियां थीं?

जवाब.एक हज़ार बीवियां और एक हज़ार बादियां थीं।

(अलकुरआन सू0 नमल पा0 19)

सवाल.307. हज़रत सुलेमान अलेहिस्सलाम की कितनी बीवियां थीं?

जवाब.एक हज़ार और एक हज़ार बांदियां थीं। [illegible]

सवाल.308हज़रत सुलेमान की अंगूठी में क्या मनकूश था?

जवाब.लाइलाहा इलल्लाहु मोहम्मदर्रसूलुल्लाह।

(मवाहिबे लदुन्निया जि0 2 स0 47)

सवाल.309. हज़रत सुलेमान अलेहि0 ने किस परिन्दे की आवाज़ सुनकर किस परिन्दे के बारे में क्या

फ़रमाया के ये परिन्दे क्या कह रहे हैं?

जवाब.मोरः की आवाज़ सुनकर कहा के ये कह रहा है के जेसा करोगे वेसा भरोगे।

हुद हुदः की आवाज़ सुनकर कहा के ये कह रहा है के गुनाह गारों अल्लाह से मग़फिरत तलब करो।

हिज़ाफ़ः की आवाज़ सुन कर कहा के ये कह रहा है के नेकी के काम करो ताके उसकी जज़ा पाओ।

क़मरीः की आवाज़ सुनकर कहा के तसबीह पढ़ रही है। सुब्हाना रब्बियल आला।

चीलः को बोलते हुये सुनकर कहा के ये कह रही है रब के बग़ैर हर चीज़ को फ़ना हो जाना है।

भट तीतरः की आवाज़ सुनकर कहा के ये कह रहा है के जो ख़मोश रहा वो सलामती में रहा।

मुर्ग़ः की आवाज़ सुनकर कहा के ये कह रहा है के ऐ ग़ाफ़िलों अल्लाह को याद करो।

गिधः की आवाज़ सुनकर कहा के ये कह रही है के ऐ इनसान जितना चाहे तू ज़िन्दा रहे आख़िर तुझे मौत है।

ओक़ाबः की आवाज़ सुनकर फ़रमाया के ये कह रहा है लोगों से दूर रहने में ही उन्स है।

मेंढ़कः की आवाज़ सुनकर फ़रमाया के ये तसबीह पढ रहा है। सुब्हाना रब्बि अलकुद्दूस। (तजकिरतुल अम्बिया स0.243)

सवाल.310. बिलक़ीस कौन थीं?

जवाब. हज़रत सुलेमान अलेहिस्सलाम के ज़माने में यमन की रानी थीं। (गुनियातुल तालेबीन स0.212)

सवाल.311. तख़्त बिलक़ीस की ख़बर हज़रत सुलेमान अलेहिस्सलाम को किसने दी?

जवाब. हुद हुद परिन्दों ने।

सवाल.312. तख़्त बिलक़ीस की क्या ख़ूबियां थीं?

जवाब. वो तख़्त सोने चांदी का बना हुआ था,और मोतियों सुर्ख़ याक़ूत सब्ज़ ज़मुर्द का सिंगार किया हुआ था, उसकी लम्बाई अस्सी गज़ और चोड़ाई चालीस गज़ और बलन्दी तीस गज़ थी। (तज़किरतुल अम्बिया स0 259)

सवाल.313. तख़्त बिलक़ीस पलक झपकते ही सुलेमान अलेहि0 की ख़िदमत में किसने पहुंचा दिया था?

जवाब.आसिफ़ बर्ख़िया रहमतुल्लाह तआला अलेह ने।

(तज़किरतुल अम्बिया स0 259)

सवाल.314. बिलक़ीस पर हज़रते सुलेमान अलेहिस्सलाम की मुलाक़ात का क्या असर पड़ा?

जवाब.हज़रत सुलेमान अलेहि0 पर ईमान लाकर उनकी ज़ोजियत में शरीक हो गयीं। (मुनियातुल तालेबीन स0 212)

सवाल.315.हज़रत सुलेमान अलेहिस्सलाम की वफ़ात की ख़बर लोगों को वफ़ात के कितने दिन बाद हुई?

जवाब.एक साल के बाद हुई क्यूं कि आपकी रूह हालते नमाज़ में परवाज़ कर गई और आप अपनी छड़ी के सहारे एक साल तक खड़े रहे। (क्या आप जानते हैं स0 114)

सवाल.316. हज़रत सुलेमान अलेहि0 की उम्र कितनी थी?

जवाब.तिरपन "53" साल।

सवाल.317. वो कौन से नबी थे जिन्हों ने अपनी क़ौम के मरे हुये हज़ारों अफ़राद को ज़िन्दा होने की दुआ की और अल्लाह तआला ने क़ुबूल फ़रमाई?

जवाब.हज़रत हज़क़ील अलेहि0 (तज़किरतुल अम्बिया स0.274/275)

सवाल.318. हज़रत हज़क़ील अलेहि0 की कुन्नियत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुन्नियत इबने अलउजूज़ और लक़ब ज़ुल्कुफ़्ल है।

सवाल.319. ज़ुलकिफ़्ल लक़ब और इब्ने अल उजूज़ कुन्नियत होने की क्या वजह है?

जवाब. ज़ुलकिफ़्ल कहने की वजह ये है के आप ने 70 नबीयों की कफ़ालत की और उन्हें शहीद होने से बचाया और इब्ने अल उजुज़ होने की वजह ये के आप के वक़्ते पैदाईश आपकी वालिदा की उम्र शरीफ़ बहुत ज़ियादा थी। (तज़किरतुल अम्बिया स0.275)

सवाल.320. वो कौन से नबी हैं जिन को उनकी क़ौम ने अपने ऊपर किसी बादशाह को मुक़र्रर करने की शिफ़ारिश की थी?

जवाब.हज़रत अशमोईल अलेहि0 हैं। (तज़किरतुल अम्बिया स0.277)

सवाल.321. हज़रत अशमोईल अलेहिस्सलाम ने किसको बादशाह मुनतख़िब किया था?

जवाब.तालूत को। (तज़किरतुल अम्बिया स0.277)

सवाल.322.हज़रत अशमोईल अलेहिस्सलाम के वालिदेन के क्या नाम थे?

जवाब.वालिद का नाम अनफ़ाफ़ा और वालिदा का नाम हुस्ना था। (आइना ए तारीख स0 116)

सवाल.322. हज़रते यूशाअ अलेहिस्सलाम किस नबी की औलाद से हैं?

जवाब.हज़रत यूसुफ़ अलेहि0की औलाद से हैं। (आइना ए तारीख स0 115)

सवाल.323. हज़रत यूशाअ अलेहि0 किनके लड़के थे?

जवाब.हज़रत नून के।

सवाल.324. हज़रत यूशाअ अलेहिस्सलाम के दादा का नाम क्या था?

जवाब.अस्समीअ। (आइना ए तारीख स0 115)

सवाल.325. हज़रत यूशाअ अलेहि0 कहां मदफून हैं?

जवाब.तमनत सराह में। (आइना ए तारीख स0 115)

सवाल.326. वो कौन से नबी हैं जिन के निकाह का ख़ुतबा हज़रत जिब्राईल अलेहिस्सलाम ने पढ़ा और गवाह फ़रिश्ते बने?

जवाब.हज़रत शीस अलेहिस्सलाम का। (जरकानी जि0 1 स0 65)

सवाल.327. किस नबी का लक़ब हिब्बतुल्लाह है?

जवाब.हज़रत शीस अलेहिस्सलाम का। (सावी जि0 1 स0 242)

सवाल.328. हज़रते शीस अलेहिस्सलाम की उम्र कितनी थी और आपका मज़ार शरीफ़ कहां है?

जवाब.नौ सौ बारह साल। आपका मज़ार जबल अबी क़बीस में है। (जरकानी जि0 1 स0 65)

सवाल.329. वो कौन से नबी हैं जो चालीस साल के नो जवान थे और उनके लड़के एक सौ बीस साल के और पोते नव्वे साल के थे?

जवाब.हज़रत उज़ैर अलेहिस्सलाम हैं जो विसाल के सौ साल बाद ज़िन्दा किये गये थे उस वक़्त आप तो नौ जवान थे मगर आपकी औलाद बूढ़ी हो चुकी थी।

(तफसीरे नईमी प0 3 स0 83)

सवाल.330. आप अलेहिस्सलाम इन्तेकाल किस वक़्त हुये थे और ज़िन्दा किस वक़्त हुये थे?

जवाब.इन्तेक़ाल सुबहा के वक़्त और ज़िन्दा शाम के वक़्त हुये थे।

सवाल.331. हज़रत उज़ैर अलेहि0 का मज़ार कहां है?

जवाब.दमिश्क में हैं। (आइना ए तारीख स0 136)

सवाल.332. वो कौन से नबी हैं जिनका लक़ब ख़तीबुल

अम्बिया है?

जवाब.हज़रत शुऐब अलेहिस्सलाम का। (खाज़िन जि0 2 स0 215)

सवाल.333. वो कौन से नबी हैं जिनको दो क़ौमों, क़ौमें मदीन और क़ौमे असहाब एका की तरफ़ नबी बनाकर भेजे गये थे?

जवाब. हज़रत शुऐब अलेहि0 को। (तजकिरतुल अम्बिया स0 285/286)

सवाल.334.हज़रत शुऐबअलेहि0के वालिद का क्या नाम है?

जवाब.नवीब।

सवाल.335. हज़रत शुऐब अलेहियस्सलाम की उम्र कितनी थी और उनका मज़ार पाक कहां है?

जवाब.उम्र एक सौ चालीस साल थी और आपका मज़ार मक्का मुकर्रमा में है। (उमदतुल कारी जि0 7 स0 415)

सवाल.336. वो कौन से दो नबी हैं जो बाप बैटे थे और दोनों को उनकी क़ोम ने शहीद कर ड़ाला था?

जवाब.हज़रत ज़करया अलेहिस्सलाम और हज़रते यहया अलेहिस्सलाम हैं। (क्या आप जानते हैं स0 170)

सवाल.337. दोनों की शहादत में कितने दिन का फ़ासला था?

जवाब.एक दिन का। (क्या आप जानते है स0 170)

सवाल.338.हज़रत ज़करया **अलेहि0** की शहादत केसे हुई?

जवाब.क़ौम बनी इसराईल ने आपको दरख़्त में छुपा देखकर दरख़्त समीत चीर कर शहीद कर ड़ाला था।

सवाल.339. हज़रत ज़करया अलेहिस्सलाम कौनसा काम किया करते थे?

जवाब.लकड़ी का काम किया करते थे। (अलबदाया वन्नहाया जि0 2 स0 49)

सवाल.340. वो कौनसे नबी जिन्होंने अल्लाह से दुआ की

थी के मुझे कोई बुरा न कहे और उनकी दुआ क़ुबूल हुई?

जवाब.वो यहया अलेहिस्सलाम हैं जिन्हें आज तक कोई बुरा नही कहता। (अलमलफ़ूज़ जि0 2 स0 57)

सवाल.341. हज़रत यहया अलेहि0 की शहादत कैसे हुई?

जवाब.बादशाह ए वक़्त ने शराब में धत होकर एक लड़की के चक्कर में उन्हें शहीद कर डाला। (सावी स0 2 स0 289)

सवाल.342. वो कौन नबी हैं जिन्हें हज़रत मूसा अलेहि0 के चालीस साल बाद नबुव्वत मिली?

जवाब.हज़रत यूशाअ अलेहिस्सलाम। (नुज़हतुल क़ारी जि0 1 स0 417)

सवाल.343. हज़रत यूशाअ अलेहिस्सलाम किस नबी की औलाद से हैं?

जवाब.हज़रत यूसुफ़ अलेहि0 की औलाद से। (आइना ए [illegible] स0 115)

सवाल.344. हज़रत यूशाअ अलेहि0 की उम्र कितनी थी?

जवाब.126/एक सौ छब्बीस साल। (सावी जि0 1 स0 242)

सवाल.345. हज़रत यूशाअ अलेहि0 का मज़ार कहां है?

जवाब.जबल इब्राहीम में। (सावी जि0 1 स0 242)

सवाल.346. वो कौन से नबी थे जिनकी ज़बान में लुकनत थी?

जवाब.हज़रत मुसा अलेहिस्सलाम। (तफ़सीर ए अज़ीज़ी सू0 बक़रा स0 201)

सवाल.347. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम के वालिदैन का क्या नाम है?

जवाब.वालिद का नाम इमरान और वालिदा का नाम युखानिज़ है। (तज़किरतुल अम्बिया स0 195)

सवाल.348. हज़रत हारून अलेहिस्सलाम आपके रिश्ते में क्या लगते हैं?

जवाब.सगे भाई।

(तज़किरतुल अम्बिया स0 295)

सवाल 349. दोनों में कौन बड़े हैं कितने साल बड़े हैं?

जवाब.हज़रत हारून अलेहिस्सलाम तीन साल के बड़े हैं।

(सावी हाशिया जलालीन स0 141)

सवाल.350. हज़रत हारून अलेहि0 की कितनी उम्र थी?

जवाब.एक सौ बीस साल।

सवाल.351. हज़रत हारून अलेहि0 का मज़ार कहां है?

जवाब.तीहा में। (ज़रक़ानी जि0 दोम स0 19)

सवाल.352. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम को जब सन्दूक़ में बन्द करके दरयाऐ नील में डाला गया तो उस वक़्त आपकी उम्र कितनी थी?

जवाब.चालीस दिन। (क्या आप जानते है स0 137)

सवाल.353. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम से निजात पाने के लिए फ़िरओन ने कितने बच्चों को क़त्ल करवाया?

जवाब.उनकी तादाद बारह हज़ार या सत्तर हज़ार थी।

(रूहुल बयान जि0 1 स0 277) (तज़किरतुल अम्बिया स0 296)

सवाल.354. जिस सन्दूक़ में आपको दरया में डाला था वो कितने दिन में पानी से बहकर फ़िरओन तक पहुंचा?

जवाब.तीन दिन में। (नुज़हतुल क़ारी जि0 2 स0 419)

सवाल.355.हज़रत मूसा अलेहि0 के असा का क्या नाम था?

जवाब."माशा" था। (क्या आप जानते है स0 116)

सवाल.356. फ़िरओन की बेटी का बर्स कैसे ख़त्म हुआ?

जवाब.हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम के लुआब ए दहन "थूक" से। (तज़किरतुल अम्बिया स0 299)

सवाल.357. फ़िरओन का असली नाम क्या था?

जवाब.वलीद बिन मसअब। (तफ़सीर ए नईमी जि0 1 स0 410)

सवाल.358. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम के असा मुबारक का क्या वज़न था?

जवाब.एक माशा के बराबर था। (खुतबाते अजमैर स0.322)

सवाल.359. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम को असा किसने अता किया था?

जवाब.हज़रत शुऐब अलेहिस्सलाम ने अता किया था।

सवाल.360. किस नबी ने मलाकुल मौत को तमाचा मारकर उनकी आंख बाहर कर दी थी?

जवाब.हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम ने। (मुस्लिम शरीफ जि0.2 स0.267)

सवाल.361. किस नबी ने अपनी कौम से आजिज़ आकर आसमानी किताब ज़मीन पर पटक दी थी?

जवाब.हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम ने। (अनवारूल कुरआन स0.100)

सवाल.362. किस नबी ने एक दूसरे नबी की दाढ़ी पकड़ ली थी?

जवाब.हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम ने। (अनवारूल कुरआन स0 107)

सवाल.363. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम का मुकाबला कितने जादुगरों से हुआ था?

जवाब.अस्सी हज़ार जादु गरों से।

सवाल.364. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम के असा ने जब अज़दहे की शक्ल अख़तियार की तो उस अज़दहे की लम्बाई चोड़ाई कितनी थी?

जवाब.लम्बाई का आलम ये था के सर मैंदान में था तो दुम दरया ए नील दजला में थी चोड़ाई मैदान के एक सिरे से दूसरे सिरे तक।

सवाल.365. हजरत मूसा अलेहिस्सलाम हज़रत शुऐब अलेहिस्सलाम के रिश्ते में क्या लगते हैं?

सवाल.366. दामाद। (ताजकिरतुल अम्बिया स0.309)

जवाब.हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम को हज़रते शुऐब अलेहिस्सलाम की लड़की से निकाह के लिए पैशकश किसने कि थी?

जवाब.हज़रत शुऐब अलेहिस्सलाम ने। (तजकिरतुल अम्बिया स0.309)

सवाल.367. उस निकाह में मेहर क्या मुक़र्रर हुआ?

जवाब. आठ साल तक शुऐब अलेहिस्सलाम के घर ख़िदमत करना। (तजकिरतुल अम्बिया स0.309)

सवाल.368. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम ने जिस दरया पर असा मारकर ख़ुश्क रासता निकाला था उस का क्या नाम है?

जवाब.दरया ए कलजूम। (तफसीरे नइमी जि0.1 स0.420)

सवाल.669. अल्लाह तआला ने कोहे तूर पर किस दिन मूसा अलेहिस्सलाम से कलाम फ़रमाया?

जवाब.नवीं ज़ुलहिज्जा को जुम्मेरात के दिन। (रा.नी जि0 2 स0 84)

सवाल.370. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम जब कोहे तूर पर तोरैत लेने गये तो उन्हें उनके लिये कितने रोज़े रखने पड़े?

जवाब.चालीस रोज़े। (क्या आप जानते है स0 106)

सवाल.371. फ़िरओनी जो मूसा अलेहिस्सलाम को मारने आये थे उनकी तादाद कितनी थी?

जवाब.17/ सत्तराह लाख। (रूहुलबयान जि0.1 स0.282)

सवाल.372. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम फ़िरओन के पास कितने साल रहे?

जवाब.तीस साल। (तज़किरतुल अम्बिया स0.317)

सवाल.373. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम फ़िरओन के दरबार से क्यूं चले आये थे?

जवाब.आप अलेहिस्सलाम ने फ़िरओन के एक ख़ासिम

ख़ास क़बती को मुक्का मार कर मार डाला था जिसकी वजह से फ़िरओन ने आपको क़त्ल करने का हुक्म दे दिया था। (तज़किरतुल अम्बिया स0 317)

सवाल.374. फ़िरओन के जादुगरों ने जो रस्सियां जादू के लिये लाई थीं वो कितनी थीं?

जवाब.वो तीन सौ ऊंटों पर लाद कर लाये थे,उसे मूसा अलेहिस्सलाम का असा अज़दहा बनकर निगल गया था। (तज़किरतुल अम्बिया स0 325)

सवाल.375. उन जादुगरों की तादाद कितनी थी?

जवाब.अस्सी हज़ार। (सावी जि0 2 स0 79)

सवाल.376. क्या वो सारे जादुगर ईमान लाये थे?

जवाब.जी हां! सब ईमान लाये थे। (तफ़सीर नईमी प0 11 स0 465)

सवाल.377. हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम ने जब फ़िरओन की तरफ़ अपने असा को अज़दहा बनाकर छोड़ा तो फ़िरओन को उस दिन कितनी बार रियाह ख़ारिज हुई?

जवाब.चार सौ मर्तबा और उसी वजह से पैट के मर्ज़ में मुब्तला होकर मर गया। (तज़किरतुल अम्बिया स0 321)

सवाल.378. हज़रत मूसा अलेहि0 की कितनी उम्र थी?

जवाब.एक सौ बीस साल। (सावी जि0 1 स0 29)

सवाल.379.हज़रत मूसा अलेहि0 का मज़ार पाक कहां है?

जवाब.फ़िलिसतीन के मैदान तीबा में। (उमदतुलकारी जि0 चहारुम स0 166)

सवाल.380. वो कौन से नबी हैं जिन्होंने हुज़ूर सललल्लाहु अलेहि0 के हाथों से दफ़न होने की तमन्ना कि थी?

जवाब.हज़रत दानियाल अलेहिस्सलाम ने। (नुज़हतुल कारी जि0 2 स0 92)

सवाल.381. वो कौन से नबी हैं जो बिना बाप के पैदा हुये?

जवाब.हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम। (तज़किरतुल अम्बिया स0 408)

सवाल.382.हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम की वालिदा का क्या नाम है?

जवाब.हज़रत मरयम।

सवाल.383. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम के नाना नानी के क्या नाम हैं?

जवाब.नाना का नाम इमरान और नानी का नाम हिना है। (तज़किरतुल अम्बिया स0 386)

सवाल.384. हज़रत मरयम कितनी उम्र में हामिला हुई?

जवाब.तेरह साल या बीस साल की उम्र में।

सवाल.385. हज़रत मरयम के हामला होने का इल्म सबसे पहले किसको हुआ?

जवाब.बेतुल मुक़द्दस के ख़ादिम "आपके चाचा ज़ाद भाई" यूसुफ़ नज्जार को। (अलक़ुरआन प0 16 रू0 5)

सवाल.386.हज़रत ज़ंकरया अलेहिस्सलाम हज़रते मरयम अलेहिस्सलाम के रिश्ते में क्या लगते हैं?

जवाब.ख़ालु।

सवाल.387. हज़रत मरयम की ख़ाला का क्या नाम है?

जवाब.ईशाअ। (तज़किरतुल अम्बिया स0 36)

सवाल.388.हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम कहां पैदा हुये?

जवाब.बैतुल्लाहुम में। (आइना ए तारीख़ स0 141)

सवाल.389.हज़रत मरयम ने किसी औरत का दूध नोश किया के नही?

जवाब.नही।

सवाल.390. हज़रत मरयम ने जब ईसा अलेहिस्सलाम को बेतुल्लाहुम से अपनी क़ोम के पास लायीं तो लोगों ने क्या कहा?

जवाब.सब लअन तअन करने लगे। (तज़किरतुल अम्बिया स0 409)

सवाल.391. लअन तअन करने वालों का क्या हर्श हुआ?

जवाब.एक औरत ने तमाचा मारने केलिए हाथ उठाया तो उसका हाथ सूख गया और एक मर्द ने आपको ज़िना कारा कहा तो वो गूंगा हो गया। (तज़किरतुल अम्बिया स0 409)

सवाल.392. हजरत ईसा अलेहिस्सलाम बग़ैर बाप के कैसे पैदा हो गये?

जवाब.अल्लाह तआला के हुक्म से हज़रत जिब्राईल अलेहि0 ने हज़रत मरयम के गिरेबान में फूंक मारी जिस से हज़रत मरयम हामिला हो गई, फिर हज़रत ईसा अलेहि0 पैदा हुये। (सूरऐ मरयम तफ़सीरे नईमी जि0.1 स0.610)

सवाल.393. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम ने जब बचपने में कलाम फ़रमाया तो आप की उम्र कितनी थी?

जवाब.सिर्फ़ बारह 12/घंटे। (खुतबाते अजमेर स0.123)

सवाल.394.हज़रत ईसा अलेहि0 के अलक़ाब क्या थे?

जवाब.रूहुल्लाह कल्लामतुल्लाह।

सवाल.395. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम ने कितने मुर्दो को जिन्दा फ़रमाया?

जवाब.चार लोगों को। (1)आज़िर (2)साम बिन नूह (3)एक बुढ़िया का लड़का था, (4) एक आशिर की लड़की थी। (खज़ीन अलइरफ़ान स0.82)

सवाल.396.हजरत ईसा अलेहिस्सलाम ने कितनी उम्र में तबलीग का काम शुरू किया?

जवाब.12/साल की उम्र में। (क्या आप जानते है स0.87)

सवाल.397. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम के मशहूर मोजिज़ात क्या थे?

जवाब.(1)मुर्दे ज़िन्दे करना (2)मादर ज़ाद अन्धे को शिफ़ा देना (3)सफ़ेद दाग़ की बीमारी को अपने दस्त

अक़दस के मसाह से सही करना (4)मिट्टी के परिन्दे को फूंक मारकर उड़ाना। (सूरह आल इमरान आयत 49)

सवाल.398.हज़रत मूसा अलेहि0और हज़रते ईसा अलेहि0 के दरमियान कितने अम्बिया तशरीफ़ लाये?

जवाब.चार हज़ार उन में मशहूर ये हैं। (1)हज़रत यूशाअ (2)हज़रत इलयास (3)हज़रत इसा (4)हज़रत शमुईल (5)हज़रत दाऊद (6)हज़रत सुलेमान (7)हज़रत मशअब (8)हज़रत अरमिया (9)हज़रत यूनुस (10)हज़रत उज़ैर (11)हज़रत हज़क़ील (12)हज़रत ज़करिया (13)हज़रत यहया (14)हज़रत शमऊन अलेहिस्सलाम हैं। (क्या आप जानते है स0 161)

सवाल.399. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम को शहीद करने के लिऐ यहूदी बादशाह ने किसको मुक़र्रर किया था और कितने दिरहम के बदले?

जवाब.यहूदी बादशाह ने "ततया नूस" मुनाफ़िक़ को तीस दिरहम के बदले त्यार किया था। (तज़किरतुल अम्बिया स0.436)

सवाल.400. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम के आसमान पर उठाये जाने के वाकिये की हक़ीक़त क्या है ज़रा मुख़तसर बयान करें?

जवाब.जब ततयानूस यहूदी के चन्द आदमी लेकर हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम की क़याम गाह पर गया और लोगों को बहार रखकर वो अन्दर गया उसके सामने ईसा अलेहिस्सलाम को अल्लाह तआला ने आसमान पर उठा लिया वो यह देख कर बहुत मुताअज्जिब हुआ काफी दैर तक उस तअज्जुब में गुम सुम रहा उसके साथियों ने समझा के ततयानूस और ईसा अलेहिस्सलाम के दरमियान

में लड़ाई हो रही है ये लोग अन्दर जाना ही चाहते थे के उनका साथी बाहर आ गया अल्लाह तआला ने उसको ईसा अलेहिस्सलाम का हम शक्ल बना दिया अब उसके बाहर निकलते ही उसके यहूदी साथियों ने समझा के ये हज़रते ईसा अलेहिस्सलाम हैं सबने उसे पकड़ कर ज़बर दस्ती सूली पर चढ़ा दिया। (तज़किरतुल अम्बिया स0 436)

सवाल.401. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम के सूली पर लटकाये जाने के वाकिये में इसायुयों के कितने फ़िरके हैं?

जवाब.तीन (1)नसतूरिया (2)मुलकानियां (3)याकूबिया।

सवाल.402.हज़रत ईसा अलेहि0 किस आसमान पर हैं?

जवाब.दूसरे आसमान पर। (मवाहिबे लदुन्निया जि0.2 स0.23)

सवाल.403. क्या हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम आसमान से फिर नीचे तशरीफ़ लायेंगे?

जवाब.जी हां! करीब क्यामत तशरीफ़ लायेंगे।

(मिशकात शरीफ़ जि0.2 स0.480)

सवाल.404.क्या हज़रत ईसा अलेहि0का निकाह भी होगा?

जवाब.हां!निकाह भी होगा और बच्चें भी होंगे। (मदारेजुल नबुव्वत जि0 2 स0 753)

सवाल.405. हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम बाद विसाल कहां मदफून होंगे?

जवाब.हुजूर अकदस सललल्लाहु अलेहिवसल्लम के पहलु में।

(मदारेजुल नबुव्वत जि0 2 स0 753)

तज़किरा ए आसमानी कुतुब

सवाल.406. कुल आसमानी किताबें कितनी हैं?

जवाब. एक सौ चार। चार के मुसतकिल नाम हैं और

बाकी सौ सहीफ़े है। (तज़किरतुल अम्बिया स0 290)

सवाल.407. उन मुसतकिल चार किताबों के नाम क्या है,और कौनसी किताब किस पर नाज़िल हुई?

जवाब.(1)तोरेत हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम पर (2)इन्जील हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम पर (3)जबूर ह0.दाउद अलेहिस्सलाम पर (4) कुरआन शरीफ़ हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा सललल्लाहु अलेहिवसल्लम पर।

सवाल.408. तोरेत हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम को किस दिन किस तारीख़ और किस ज़बान में नाज़िल हुई?

जवाब. दसवीं ज़िलहिज्जा को अबरानी ज़बान में नाज़िल हुई। (तफ़सीरे नइमी जि0 स0 446)

सवाल.409. तोरेत किस जगह नाज़िल हुई और कितने दिनों में तोरेत मिली?

जवाब.कोहे तूर पर चालीस दिन में मिली। (तज़किरतुल अम्बिया स0.346)

सवाल.410. हज़रत मूसा अलेहि0 कोहे तूर पर तोरेत लेने गये तो कितने रोज़े रखने का हुक्म हुआ?

जवाब. चालीस रोज़ो। (तज़किरतुल अम्बिया स0.346)

सवाल.411. तोरेत शरीफ़ में कितनी सूरतें और कितनी आयतें थीं?

जवाब. एक हज़ार सूरतें और हर सूरत में एक हज़ार आयतें। (ख़ाज़िन स0.460)

सवाल.412.तोरेत के कितने हुफ़्फ़ाज़ हुये और वो कौन हैं?

जवाब. सिर्फ़ चार। (1)हज़रत मूसा अलेहि0 (2)हज़रत यूशाअ अलेहिस्सलाम (3)हज़रत उज़ैर अलेहि0 (4)हज़रत ईसा अलेहिस्सलाम। (सावी जि0.2 स0.85)

सवाल.413. कुरआन की सूरह में एक आयत है जो तोरेत की पहली आयत है वो कौनसी सूरह की आयत है?

जवाब.सूरह इनआम की पहली आयत। (क्या आप जानते है स0.207)

सवाल.414. ज़बूर हज़रत दाऊद अलेहिस्सलाम पर किस तारीख़ को नाज़िल हुई और किस ज़बान में हुई?

जवाब.18/रमज़ान को इबरानी ज़बान में नाज़िल हुई।

(तफसीरे नइमी जि0.1 स0.213)

सवाल.415. ज़बूर में कितनी सूरतें थी उसमें किस चीज का बयान था?

जवाब.एक सौ पचास सूरते थीं जिस में सिर्फ़ दुआयें और अल्लाह की तमहीद और तमजीद थीं। ([illegible] जि0.2 स0.519)

सवाल.416. इन्जील कहां नाज़िल हुई?

जवाब.मक़ामें साग़ीर में।

सवाल.417. किस तारीख़ को नाज़िल हुई?

जवाब.तेरह रमज़ान को।

सवाल.418. इन्जील किस ज़बान में नाज़िल हुई?

जवाब.सुरयानी ज़बान में।(तफसीरे नइमी जि0 1 स0.613) (अलमलफूज जि0.4 स0.14)

सवाल.419. क़ुरआन कितने दिनों में नाज़िल हुआ?

जवाब.लोहे महफूज़ से आसमान दुनिया की तरफ़ रमज़ान शरीफ़ की सत्ताइसवीं शब को नाज़िल हुआ और हुजूरे अक़दस सललल्लाहु अलेहिवसल्लम तक बक़दरे ज़रूरत 23/ साल में नाज़िल हुआ।

(रूहुल बयान जि0.4 स0.681)

सवाल.420. क़ुरआन के नुजूल की इब्तेदा किस तारीख़ को शुरू हुई?

जवाब.सत्तरह रमज़ान दो शम्बा के दिन से।

सवाल.421. किस आयत से हुई और किस जगह से हुई?

जवाब.इकरा बिसमी रब्बी कल्लज़ी से .ग़ारे हिरा से।

(तजकिरतुल अम्बिया स0.572) (बरकाती जि0 1 स0.207)

सवाल.422. क़ुरआन की सबसे आख़री आयत कौनसी है?

जवाब.वत्तकू यओमन तुरजऊन फ़ीही एलल्लाह।

(सावी जि0.1 स0.3) (कन्जुलईमान स0.878 हाशिया 5)

सवाल.423. बाक़ी सौ सहीफ़े किस नबी पर कितने नाज़िल हुऐ?

जवाब.(1)दस हज़रत आदम अलेहिस्सलाम पर (2)हज़रत इब्राहीम अलेहिस्सलाम पर दस (3)हज़रत इदरीस अलेहिस्सलाम पर तीस(4)हज़रत शीस अलेहि0 पर पचास। (क्या आप जानते है स0.207)

सवाल.424. क़ुरआन शरीफ़ में सबसे तवील ज़िक किस का है?

जवाब.हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम का। (क्या आप जानते है स0.207)

सवाल.425. क़ुरआन मजीद में कुल कितनी सूरतें हैं?

जवाब.एक सौ चोदह।

सवाल.426. कितनी मन्ज़िलें हैं?

जवाब.सात मन्ज़िलें हैं।

सवाल.427. कितने सजदे हैं?

जवाब.चोदह सजदे हैं।

सवाल.428. क़ुरआन मुक़द्दस में कितने रूकूअ हैं?

जवाब.पांच सौ अठ्ठावन '558' रूकूअ हैं।(क्या आप जानते है स0.210)

सवाल.429.क़ुरआन शरीफ़ में कितनी सूरतें मक्की और कितनी मदनी हैं?

जवाब.तिरासी सूरतें मक्की और इकतीस सूरतें मदनी हैं।

(सावी जि0 1 स0.3)

सवाल.430. क़ुरआन में कुल कितनी आयतें हैं?

जवाब.आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खां की तहक़ीक़ के मुताबिक़ छ: हज़ार दो सौ छत्तीस आयतें हैं।

सवाल.431. कुरआन मुक़द्दस में कितने कलमात हैं?
जवाब.सतत्तर हज़ार नौ सौ चोंतीस "77934"।

(अल इतक़ान जि0 1 स0.67)

सवाल.432. हुरूफ़ कितने हैं?
जवाब.तीन लाख तेईस हजार छः सौ इकत्तर "323671"।

(अल इतक़ान जि0 1 स0.70)

सवाल.433. कुरआन पाक में आराब किसने लगवाये?
जवाब.हज्जाज बिन यूसुफ़ सक़फ़ी ने।(जामे नूर शुमार जून 2007 स0.31)
सवाल.434. किस के ज़रिये लगवाये?
जवाब.हज़रत अबुल असवद दोयेली के ज़रिये जो ताबई हैं। (जामे नूर शुमार जून 2007 स0.31)
सवाल.435. कुरआन में नुक़ते किसने लगवाये और किस सन् में लगवाये?
जवाब.सन् 86 हि0 में हज्जाज बिन सक़फ़ी के हुक्म से हसन बसरी यह या बिन याआमर ने लगाये।

(जामे नूर शुमार जून 2007 स0.31)

सवाल.436. कुरआन शरीफ़ में मद,वक़्फ़,तशदीद,हमज़ा, सुकून,वस्ल, हरकात की अलामतें ज़बर व ज़ेर की सूरतें किसने वज़ा किये?
जवाब.ख़लील अहमद फ़राहीदी ने। (जामे नूर शुमार जून 2007 स0.31)
सवाल.437. कुरआन शरीफ़ में सूरतों के नाम किसने लिखवाये?
जवाब.हज्जाज बिन यूसुफ़ सक़फ़ी ने। (तफ़सीरे नइमी जि0 1 स0.16)
सवाल.438. हुज़ूर सललल्लाहु अलेहिसल्लम ने किस सूरह के बारे में फ़रमाया के जिस ने इसको तिलावत कर लिया गोया उसने तोरेत,ज़बूर,इन्जील कुरआन पढ़लिया?

जवाब.सूरह फ़ातिहा के बारे में। (क्या आप जानते है स0 212)
सवाल.439. हुज़ूर सललल्लाहु अलेहिसल्लम ने किस सूरह के बारे में फ़रमाया के ऐसी सूरत न तोरेत न ज़बूर न कुरआन में नाज़िल हुई?
जवाब.सूरये फ़ातिहा के बारे में। (क्या आप जानते है स0 212)
सवाल.440. कुरआन को जमा किसने किया था?
जवाब.हज़रत उसमान ग़नी रज़ि0 ने। (आमा कुतुब)
सवाल.441. कुरआन में कितनी जगह नमाज़ की ताकीद आई है?
जवाब.सात सौ जगह। (क्या आप जानते है स0 210)
सवाल.442.कितनी जगहों पर ख़ैरात की ताकीद की गई है?
जवाब.डेढ़ सौ जगहों पर। (क्या आप जानते है स0 210)
सवाल.443. कितनी जगहों पर दुआ मांगने की ताकीद की गई है?
जवाब.सत्तर से ज़ियादा जगहों पर। (क्या आप जानते है स0 210)
सवाल.444. कुरआन शरीफ़ को एक रकआत में कितने लोगों ने ख़त्म किया?
जवाब.चार लोगों ने। (1)हज़रत सय्यदना उसमान ग़नी (2)हज़रत तमीम दारी (3)हज़रत सईद बिन जबीर (4)और हज़रत इमाम ए आज़म अबु हनीफ़ा रज़ि0।

(क्या आप जानते है स0 211)

सवाल.445. फ़ारसी ज़बान में सबसे पहले कुरआन का तर्जुमा किसने किया?
जवाब. शेख़ सअदी रहमतुल्लाहि तआला अलेह ने।

(आईन ए तारीख़ स0.40)

सवाल.446.उर्दू में कुरआन का सबसे पहले तर्जुमा किसने

किया?

जवाब. मौलाना शाह रफ़िउद्दीन साहब ने। (आईन ए तारीख़ स0.40)

सवाल.447. वो कौन मुस्लिम हुक्मरान थे जिसके पोते हर साल अपने हाथ से दो कुरआन पाक लिखते थे?

जवाब. सुल्तान महमूद ग़ज़नवी के पोते सुल्तान इब्राहीम ग़ज़नवी थे, एक कुरआन मदीना मुनव्वरा भेजते थे, दूसरा कुरआन मक्का मोअज़्ज़मा। (क्या आप जानते है)

सवाल.448. कुरआन में किस सहाबिये रसूल का नाम आया है?

जवाब. सिर्फ हज़रत ज़ैद बिन हारसा रज़ि0 का। ([illegible] स0 305)

सवाल.449. कुरआन पाक में किस औरत का नाम सराहत के साथ आया है?

जवाब. हज़रत मरयम रज़ि0 का। (सावी जि0.1 स0.136)

सवाल.450. कुरआन करीम शुरू शुरू में किस चीज़ पर लिखा जाता था?

जवाब. ख़त कूफ़ी में चमड़े के टुकड़ों पर लिखा जाता था।

(क्या आप जानते है स0.210)

सवाल.451. कुरआन पाक की कितनी तफ़सीरें लिखी जा चुकी हैं?

जवाब. बारह सौ से ज़ियादह तफ़ासीर लिखी जा चुकी हैं।

(क्या आप जानते है स0.210)

सवाल.452. अब तक कुरआन करीम के उर्दू में कितने तरजुमें हो चुके?

जवाब. इसकी तादाद तीन सौ से ज़ाईद है। (क्या आप जानते है)

सवाल.453. कुरआन करीम का हिन्दी तरजुमा किसने कराया था और कितने दिन पहले?

जवाब. एक हिन्दू कश्मीरी राजा महरूक ने सन् 883 ई0 में

कराया था। (क्या आप जानते है स0.209)

सवाल.454. कुरआन पाक का बंगला तरजमा कब शाये हुआ था?

जवाब. 1818 ई0. में सिर्फ आख़ी पारे का तरजमा शाये हुआ था। (क्या आप जानते है स0.209)

सवाल.455. सबसे अच्छा तरजमा किसका है?

जवाब. आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ां फ़ज़िले बरेलवी का "कन्ज़ुल ईमान"।

तज़किरये मलाईका (फ़रिश्ते)

सवाल.456. ख़ास फ़रिश्ते कितने हैं और उनके नाम और काम क्या हैं?

जवाब. चार। (1)हज़रत जिब्राईल अलेहि0, उनका काम अल्लाह तआला के अहकाम नबीयों तक पहुंचाना (2)हज़रत मीकाईल अलेहिस्सलाम उनका काम पानी बरसाना रिज़्क बांटना वग़ैराह (3)हज़रत इसराफ़ील अलेहिस्सलाम उनका काम बरोज कयामत सूर फूंकना (4)हज़रत इज़राईल अलेहि0 उनका काम है रूह कब्ज़ करना। (अनवारे शरीअत स0.8 ता 9)

सवाल.457. किस फ़रिश्ते का लकब रूहुल अमीन है?

जवाब. हज़रत जिब्राईल अलेहिस्सलाम का। (आमा कुतुब)

सवाल.458. हज़रत जिब्राईल अलेहिस्सलाम किस नबी के पास कितनी बार तशरीफ़ लाये?

जवाब. (1)हुज़ुर सललल्लाहु अलेहिवसल्लम की बारगाह में चोबीस हज़ार मर्तबा (2)हज़रते ईसा अलेहि0 की बारगाह में दस मर्तबा (3)हज़रते इदरीस अलेहि0 की बारगाह में चार मर्तबा (4)हज़रते नूह अलेहि0 की बारगाह में पचास मर्तबा (5)हज़रते इब्राही

अलेहि0 की बारगाह में बयालीस मर्तबा(6)हज़रते मूसा अलेहिस्सलाम की बारगाह में चार सौ मर्तबा (7)हज़रत अय्यूब अलेहिस्सलाम की बारगाह में तीन मर्तबा (8)हज़रत याकूब अलेहिस्सलाम की बारगाह में चार मर्तबा तशरीफ लाये। (क्या आप जानते है स0 195)

सवाल.459. हज़रत जिब्राईल अमीन के कितने पर हैं?

जवाब. एक लाख चोदह हज़ार। (क्या आप जानते है स0 194)

सवाल.460. क्या हज़रत जिब्राईल जंगे बदर में शरीक थे अगर शरीक थे तो उनके सर पर किस रंग का अमामा था?

जवाब.जी हां थे। उनके सर पर पीला रंग का अमामा था।

(क्या आप जानते है स0 268)

सवाल.461. सबसे पहले किस फ़रिश्ते ने हज़रते आदम अलेहिस्सलाम को सजदा किया और कितनी देर तक किया?

जवाब.सबसे पहले हज़रत जिब्राईल ने फिर हज़रत मीकाईल ने फिर हज़रत इसराफील ने फिर हज़रत इज़राईल ने फिर मलाइका मुक़र्रबीन ने किया, जुमा के दिन ज़वाल से असर तक किया।

(मवाहिब ए लदुन्निया जि0 1 स0 10)

सवाल.462. बैतुल मामूर में फ़रिश्तों की इमामत कौन फ़रिश्ते करते हैं?

जवाब.हज़रत मीकाईल अलेहि0। (तफ़सीरे अजीजी सूरये बकरा स0 310)

सवाल.463. पहली बार सूर फूंकने पर किसके अलावा सब लोग हलाक हो जायेंगे?

जवाब.हज़रत जिब्राईल अलेहिस्सलाम, हज़रत मीकाईल अलेहिस्सलाम, हज़रत इसराफील अलेहिस्सलाम,

और हज़रत इज़राईल अलेहिस्सलाम के अलावा सब लोग हलाक हो जायेंगे। (मकाशिफतलकुलूब स0 280)

सवाल.464. इन फ़रिश्तों की रूहें कौन क़ब्ज़ करेंगें?

जवाब.हज़रत इज़राईल अलेहिस्सलाम। (मकाशिफतलकुलूब स0 280)

सवाल.465. पूरी दुनिया फ़ना हो जाने के बाद दोबारह किस फरिश्ते को ज़िन्दा किया जायेगा?

जवाब.हज़रत इसराफ़ील अलेहि0 को। (मकाशिफतलकुलूब स0 280)

सवाल.466. कितने साल बाद ज़िन्दा किया जायेगा किस काम के लिऐ?

जवाब.चालिस साल के बाद सूर फूंकने के लिऐ ज़िन्दा किया जायेगा। (मकाशिफतलकुलूब स0 280)

सवाल.467. वो सूर कैसा होगा उसकी लम्बाई चोड़ाई कैसी होगी?

जवाब.बूक़ (बुग़ल) की तरह होगा, उसकी लम्बाई और चोड़ाई ज़मीन और आसमान की लम्बाई और चोड़ाई के बराबर होगी। (मकाशिफतलकुलूब स0 280)

सवाल.468. हज़रत इसराफ़ील अलेहि0 सूर कहां फूंकेगें?

जवाब.बेतुल मुक़द्दस की एक चट्टान पर खड़े होकर फूंकेगें। (सावी जि0 1 स0 54)

सवाल.469. अभी सूर किसके पास है?

जवाब.जबसे इसराफ़ील अलेहि0 पैदा हुये हैं तबही से सूर मुहं में लिये हुये इन्तेज़ार में खड़े हैं के अल्लाह का हुक्म हो के में सूर फूंकू। (मकाशिफतलकुलूब स0 280)

सवाल.470. क्या हज़रत इसराफ़ील अलेहिस्सलाम किसी नबी की बारगाह में हाज़िर हुये?

जवाब.सिर्फ़ हुज़ूर अक़दस सलल्लाहु तआला अलेहि0 की बारगाह में हाज़िर हुये। (मवाहिबे लदुन्निया जि0.1 स0.405)

सवाल.471. कोई ऐसे भी फ़रिश्ते है जिनकी पेशानी पर पूरा कुरआन लिखा है?

जवाब. हां! वो हज़रते इसराफ़ील अलेहिस्सलाम हैं, जिनकी पेशानी पे पूरा कुरआन लिखा हुआ है।

(तफ़सीरे नईमी जि0 1 स0 126)

सवाल.472. हज़रत इज़राईल अलेहिस्सलाम (मलाकुल मौत) की रूह कौन क़ब्ज़ करेगा?

जवाब. अल्लाह तआला फ़रमायेगा इज़राईल (मुत) तू भी मर जा, हज़रत इज़राईल अलेहिस्सलाम अल्लाह तआला की तसबीह पढ़ते हुये सजदे में गिर जायेंगें और रूह जुदा हो जायेगी।

सवाल.473. जो पानी बरसाने पर मामूर हैं उस फ़रिश्ते का नाम क्या है?

जवाब. रअद।

सवाल.474. आसमान में बिजली कैसे चमकती है?

जवाब. रअद फ़रिश्ते के हाथ में एक कोड़ा है जिसका नाम "बरक़" है और वो उस कोड़े से बादलों को हां है उसी से बिजली चमकती हैं। (क्या आप जानते है स0 194)

सवाल.475. हज़रत जिब्राईल अलेहिस्सलाम के घोड़े का क्या नाम है?

जवाब. ख़ैरूम है। (क्या आप जानते है स0 194)

सवाल.476. हर बन्दे के साथ कितने फ़रिश्ते रहते हैं?

जवाब. बएख़्तिलाफ़ रिवायत दो, चार, पांच, दस, एक सौ साठ, तीन सौ साठ। (ज़रकानी जि0 6 स0 86)

सवाल.477. वो कौन फ़रिश्ते हैं जो दोज़ख़ियों पर अज़ाब देने पर मुक़र्रर हैं?

जवाब. ज़बानिया। (ज़रक़ानी जि0 6 स0 82)

सवाल.478. उस फ़रिश्ते का नाम क्या है जिनके सत्तर हज़ार सर हैं?

जवाब. "रूह" है जिनके सत्तर हज़ार सर हैं सत्तर हज़ार चहरे हैं हर चहरे में सत्तर हज़ार ज़बानें हैं हर ज़बान में सत्तर हज़ार लुग़तें हैं। (क्या आप जानते है स0 194)

सवाल.479. बन्दों के दुरूद पाक को हुज़ूर सलल्लाह तआला अलेहिवस्सल्लम की बारगाह में पहुन्चाने वाले फ़रिश्ते का क्या नाम है?

जवाब. सलसाईल। इन के तीन बाज़ु हैं एक मशरिक में एक मग़रिब में एक हुज़ूर सलल्लाहु तआला अलेहिवस्सल्लम के रोज़े पर। (क्या आप जानते हैं स0 194)

सवाल.480. अल्लाह तआला ने किन फ़रिश्तों को तमाम फ़रिश्तों से सलाम करने का हुक्म दे रखा है?

जवाब. अल्लाह ने तमाम फ़रिश्तों को हुक्म दे रखा है के वो हामलान अर्श को सलाम करें।

सवाल.481. हामलाने अर्श किन फ़रिश्तों को कहा जाता है?

जवाब. जो अर्शे इलाही को उठाये हुये हैं।

सवाल.482. हामलाने फ़रिश्तों का क़िबला क्या है?

जवाब. अर्शे आज़म। (क्या आप जानते है स0 197)

सवाल.483. अर्शे आज़म और मलाईका बर्रा का क़िबला क्या है?

जवाब. कुर्सी। (क्या आप जानते है स0 197)

सवाल.484 कुर्सी और मलाईका सफ़र का क़िबला क्या है?

जवाब. बैतुल मामूर। (क्या आप जानते है स0 197)

सवाल.485. फ़रिश्ते इनसानी शक्ल में आते हैं तो मर्द की शक्ल में के औरत की शक्ल में?

जवाब.मर्द की शक्ल में।

सवाल.486. इनसान की रूह क़ब्ज़ करते वक़्त कितनी तरह के फ़रिश्ते आते हैं?

जवाब. तीन तरह के। मलाकुल मौत जान निकालने केलिए, सात फ़रिश्ते इनका तआव्वुन करने के लिऐ बाक़ी ता हद्दे नज़र फ़रिश्ते डराने या बशारत देने के लिए। (क्या आप जानते है स0.201)

सवाल.487. मलकुल मौत के क़दम का कितना फ़सला है और उनका जिस्म किस क़दर है?

जवाब.उनका एक क़दम पुल सिरात पर दूसरा क़दम जन्नत के तख़्त पर और उनका जिस्म उतना बड़ा है के तमाम दरयाओं का पानी इनके सर पर डाला जाये तो एक क़तरह भी ज़मीन पर न गिरे।

(क्या आप जानते है स0.196)

तज़किर ए ख़ुलफ़ा ए राशेदीन

सवाल.488. कौन ऐसे सहाबी हैं जिनके वालिदेन और जुमला औलाद सब मुसलमान थे?

जवाब. वो हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रजि0 हैं जिनके वालिदेन और सब बेटे और बेटियां मुसलमान थे।

(क्या आप जानते हैं स0.197)

सवाल.489. हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 का अय्यामे जाहिलिय्यत में क्या नाम था और इसलाम क़ुबूल करने के बाद क्या नाम हुआ?

जवाब. अय्यामे जाहिलियत में अब्दुल कअबा बाद ईमान हुजूर ने अब्दुल्लाह रखा। (क्या आप जानते हैं स0.397)

सवाल.490. सबसे पहले अमीर हज कौन मुनतख़िब हुये और कितने हाजियों के अमीर थे?

जवाब.हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रजि0 तीन सौ हाजियों के अमीर थे। (क्या आप जानते है स0 397)

सवाल.491. हुजूर रहमते आलम सलल्लाहु अलेहिव0 ने किस सहाबी के बारे में फ़रमाया के इनसे मोहब्बत करना और इनका शुर्क अदा करना मेरी पूरी उम्मत पर वाजिब है?

जवाब.हजरत अबुबकर रज़ि0 के बारे में। (क्या आप जानते है स0.194)

सवाल.492. अफ़ज़लुल बशर बादल अम्बिया किस सहाबी को कहा जाता है?

जवाब.हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 को। (तारीख़ुल ख़ुलफ़ा स0.40)

सवाल.493.हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 की कुन्नियत और लक़ब क्या हैं?

जवाब. कुन्नियत अबुबकर और लक़ब सिद्दीक़ व अतीक़ हैं। (ख़ुतबाते मोहर्रम स0.85)

सवाल.494. आप की कुल कितनी उम्र है आपका विसाल किस तारीख़ को हुआ और कहां मदफ़ून हुये आपकी नामाज़े जनाज़ा किसने पढ़ाई?

जवाब.22/जमादिउल आख़िर सन् 13 हिजरी को तिरसठ साल की उम्र में विसाल फ़रमाकर हुज़ूर सलल्लाहु अलेहिवस्सल्लम के पहलू में मदफ़ून हुये और नमाज़े जनाज़ा हज़रते उमर ने पढ़ाई। (तारीख़ुल ख़ुलफ़ा स0.40)

सवाल.495.हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 ने हुज़ूर की हयात में कितनी नमाज़ों की इमामत फ़रमाई?

जवाब. सत्तरह नमाज़ों की। (क्या आप जानते है स0.199)

सवाल.496. वो कौन ऐसे सहाबी रसूल हैं जिनकी नमाज़ फ़ोत हो जाने पर एक छुवारह का क़ीमती बाग़ ख़ैरात कर दिया था?

जवाब. वो हज़रत उमर रज़ि0 हैं। (क्या आप जानते हैं स0.402)

सवाल.497. वो कौन सहाबी हैं जो रात को अपने पैर पर दुर्रे मारते और कहते तुम आज कहां कहां गये थे?

जवाब.वो हज़रत उमर फ़रूक़ रज़ि0 हैं। (क्या आप जानते हैं स0.402)

सवाल.498. वो कौन ख़लीफ़यें रसूल हैं जिनकी ख़िलाफ़त में छत्तीस हज़ार शहर व क़सबे फ़तह हुये?

जवाब.हज़रत उमर फ़रूक़ रज़ि0। (क्या आप जानते हैं स0.402)

सवाल.499. किस ख़लीफ़ा को सबसे पहले अमीरूल मोमिनीन के ख़िताब से नवाज़ा गया?

जवाब.हज़रत उमर फ़रूक़ रज़ि0 को। (क्या आप जानते है स0.402)

सवाल.500. हज़रत उमर फ़रूक़ रज़ि0 की कुन्नियत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुनेत अबु हफ़स और लक़ब फ़रूके आज़म है।

(तरीखुल खुलाफ़ा स0.78)

सवाल.501. हज़रत उमर फ़रूक़ रज़ि0 कब पैदा हुये और कितनी उम्र में कितने लोगों के बाद ईमान लाये?

जवाब.आप वाक़ेअ फ़ील के सत्तरह साल पैदाये नबुव्वत के छटे साल सत्ताईस साल की उम्र में उन्तालीस मर्द और तेईस औरतों के बाद इसलाम क़ुबूल किये। (खुतबाते मोहर्रम स0 109)

सवाल.502. आप ने कितने साल अमूर ख़िलाफ़त अन्जाम दिया?

जवाब.दस साल छः माह चार दिन। (खुतबाते मोहर्रम स0 146)

सवाल.503. आप की कुल उम्र कितनी थी और किस तारीख़ को विसाल फ़रमाये?

जवाब.63/तिरसठ साल 26/ज़ुलहिज्जह सन् 23 हि0 को आप ने जाम शहादत नोश फ़रमाया।

सवाल.504. आप को किसने शहीद किया किस हालत में किया?

जवाब.हज़रत मुग़ीरह बिन शोअबा का ग़ुलाम अबु लुलूह मजूसी ने, आप उस वक़्त फ़जर की नमाज़ केलिए खड़े थे। (खुतबाते मोहर्रम स0 144)

सवाल.505. इस हम्ले में और कितने लोग शहीद हुये?

जवाब.इस हमले में तेरह लोग ज़ख़्मी हुये थे मगर शहादत छः ही लोगों की हुई थी। (खुतबाते मोहर्रम स0.144)

सवाल.506. आप कहां मदफ़ून हुये?और आपकी नमाज़े जनाज़ा किसने पढ़ाई?

जवाब.हुज़ूर सललल्लाहु अलेहिवसल्लम के पहलू म मदफ़ून हुये और नमाज़े जनाज़ा हज़रते सुहैब रूमी ने पढ़ाई। (खुतबाते मोहर्रम स0.146)

सवाल.507. वो कौन ख़लीफ़ये रसूल हैं जो हर जुमा को आख़री दम तक एक ग़ुलाम आज़ाद करते थे?

जवाब.हज़रत उसमान ग़नी रज़ि0। (क्या आप जानते है स0.406)

सवाल.508. हज़रत उसमाने ग़नी रज़ि0 को ज़ुन्नूरैन क्यों कहा जाता है?

जवाब.चूंकि हुज़ूर सललल्लाहु तआला अलेहिवसल्लम की दो लड़कियां आपके निकाह में आयीं थीं ज़ुन्नूरैन यानी दो नूर वाले। (क्या आप जानते है स0.406)

सवाल.509.हज़रत उसमान ग़नी रज़ि0 किस सिफ़त से ज़ियादा मशहूर हैं?

जवाब.सख़ावत से।

सवाल.510. हज़रत उसमान ग़नी किसकी दाअवत से इस्लाम क़ुबूल किये?

जवाब.हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ि0 की दाअवत से।

सवाल.511. हज़रत उसमान ग़नी रज़ि0 की कुनेत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुनेत अबू उमर और लक़ब ज़ुन्नूरैन है। (खुतबाते मोहर्रम स0 149)

सवाल.512. हज़रत उसमान ग़नी रज़ि0 ने कितने साल ख़िलाफ़त का काम अन्जाम दिय?

जवाब.बारह साल। (खुतबाते मोहर्रम स0 17..)

सवाल.513. आपकी शहादत किस तारीख़ को हुइ?

जवाब.सन् 35 हि0 के माह ज़ुलहिज्जह के अय्यामे तशरीक़ में शहादत हुई। (खुतबाते मोहर्रम स0.173)

सवाल.514. आपको किसने शहीद किया?

जवाब.आपको असवद या हिमार ने शहीद किया। (खुतबाते मोहर्रम स0.183)

सवाल.515. आपकी कुल उम्र कितनी थी और आप कहां शहीद हुये?

जवाब.82/बयासी साल थी.जन्नतुल बक़ी में मदफून हुये। (तारीखुल खुलाफा स0 114)

सवाल.516. आपके जनाज़े की नमाज़ किसने पढ़ाई?

जवाब.हज़रत ज़ुबैर रज़ि0 ने पढ़ाई। (खुतबाते मोहर्रम स0.115)

सवाल.517. वो कौन से खलीफ़ये रसूल हैं जो जाड़े के कपड़े गर्मी में और गर्मी के कपड़े जाड़े में पहनते, उन्हें गर्मी सर्दी कुछ महसूस नही होती?

जवाब.वो हज़रत अलीयुलमुर्तज़ा रज़ि0 हैं। (क्या आप जानते है स0 115)

सवाल.518. वो कौनसे सहाबी हैं जिन्हें देखना इबादत है?

जवाब.हज़रत अली करमुल्लाह वजहुलकरीम हैं।

सवाल519शबे हिजरते रसूल बिसतरे नबी पर कौन लेटे थे?

जवाब.हज़रत अली मुशकिल कुशा रज़ि0। (क्या आप जानते है स0.395)

सवाल.520. हज़रते अली रज़ि0 का लक़ब क्या है?

जवाब.हैदरे कर्रार। यानी पलट पलट कर हमला करने वाला। (क्या आप जानते है स0.396)

सवाल.521. हज़रत अली रज़ि0 को किसी जंग में तीर लग जाता तो किस तरह निकलवाते?

जवाब.हालते नमाज़ में निकलवाते आपको ज़र्रा बराबर भी एहसास नही होता। (क्या आप जानते है स0.396)

सवाल.522. आपकी विलादत कब और कहां हुई?

जवाब.आम्मुल फ़ील के तीस साल बाद ख़ानऐ काअबा में हुई। (सीरते हल्बी जि0 1 स0 165)

सवाल.523. हज़रत अली रज़ि0 की कुनेत क्या है?

जवाब. अबुलहसन और अबु तुराब। (तारीखे खुलाफा स0.113)

सवाल.524. जब हज़रत अली ईमान लाये उनकी उम्र कितनी थी?

जवाब. आठ साल की। (खुतबाते मोहर्रम स0.186)

सवाल.525. किस सहाबी को हुज़ूर सलल्लाहु अलेहिवसल्लम ने कम उम्र में यमन का क़ाज़ी मुक़र्र फ़रमाया था?

जवाब. हज़रत अली मुर्तज़ा रज़ि0 को। (शाने हबीबुर्रहमान 118)

सवाल.526. हज़रत अली ने फ़ातिमा तुज़्ज़ोहरा की मोजूदगी में किस लड़की से निकाह का इरादा ज़ाहिर फ़रमाया था तो हुज़ूर सलल्लाहु अलेहिव0. ने हराम क़रार दिया था?

जवाब.अबुजहल की लड़की से। (मिशकात शरीफ स0.568)

सवाल.527. हज़रत अली रज़ि0 ने कितने साल ख़िलाफ़त का काम अन्जाम दिया?

जवाब.चार बरस आठ माह नौ दिन। (खुतबाते मोहर्रम स0.217)

सवाल.528. आपकी उम्र कितनी थी?

जवाब.63/तिरसठ साल थी। (खुतबाते मोहर्रम स0.217)

सवाल.529. आप को किस हालत में किसने शहीद किया?

जवाब. जब आप फजर की नमाज़ को जा रहे थे तभी अब्दुर्रहमान मुलज़िम ने आप को शहीद किया।

(तारीख़े करबला स0.123)

सवाल.530. आपकी नमाज़े जनाज़ा किसने पढ़ाई?

जवाब.हज़रत इमाम हसन रज़ि0 ने। (तारीख़े करबला स0 123)

सवाल.531. आपका मज़ार कहां हैं?

जवाब.नजफ़ अशरफ़ जो मुल्के इराक़ में वाक़े है।

(क्या आप जानते है स0 410)

सवाल.532. हज़रत अली मुर्तज़ा रज़ि0 के कुछ अक़वाल ज़रीन बयान करें?

जवाब.हज़रत अली ने फ़रमाया के इल्म माल से बेहतर है इल्म तेरी हिफ़ज़त करता है, और माल की तू,इल्म हाकिम और माल महकूम,माल ख़र्च करने से घटता है और इल्म ख़र्च करने से बढ़ता है आलिम वही शख़्स है जो इल्म पर भी अमल करे और अपने अमल को इल्म के मुताबिक़ बनाये और फ़रमाया के हलाल की ख़्वाहिश उसी शख़्स में पैदा हो सकती है जो हराम की कमाई छोड़ने की कोशिश करता है, तक़दीर बहुत गहरा समन्दर है इसमें गोता न लगाओ ख़ुश अख़लाक़ी बेहतरीन दोस्त है और अदब बेहतरीन मिरास है,और फ़रमाया के जाहिलों की दोस्ती से बचो के बहुत से अक़्लमन्दों को उन्हों ने तबाह कर दिया और अपना राज़ किसी पर जाहिर न करो के ख़ैर ख़्वाह के लिए कोई ख़ैर ख़्वाह होता है। (आमा कुतुब)

तज़किरऐ सहाबा व सहाबियात

सवाल.533. कुल सहाबऐ किराम कितने है?

जवाब.एक लाख चौबीस हज़ार। (अलमलफूज़ हिस्सा सोम स0.59)

सवाल.534. वो कौन से सहाबी ए रसूल हैं जिन्हें अशराए मुबश्शरा कहा जाता है, जिन्हें हयात ही में जन्नत की बशारत मिल गई?

जवाब.(1)हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ (2)हज़रत उमर फ़रूक़ (3)हज़रत उसमान ग़नी (4) हज़रत अली मुर्तज़ा (5)हज़रत तलहा (6)हज़रत ज़ुबैर (7)हज़रत सअद बिन अबी वक़ास (8)हज़रत अब्दुर्रहमान बिन ऊफ़ (9)हज़रत अबु उबैदा बिन जराह (10)हज़रत सईद बिन ज़ैद रज़ि0 ।(क्या आप जानते है स0.418)

सवाल.535. वो कौन से सहाबी हैं जिन्हें हज़रत जिब्राईल अलेहिस्सलाम ने सलाम किया?

जवाब.हज़रत तलहा रज़ि0। (ज़रक़ानी जि0 सोम स0.318)

सवाल.536. वो कौन सहाबी हैं जिन्हें शेर ये सुन करके ये गुलामे रसूल हैं लशकरे इसलाम तक पहुंचा दिया?

जवाब.हज़रत सफ़िया रजि0.। (शाने हबीबुर्रहमान स0.125)

सवाल.537. वो कौन सहाबी हैं जिन्हें हज़रत उमर ने मस्जिदे नबवी से पुकारा तो मक़ामे नहावन्द से सुन लिया?

जवाब. हज़रत सारिया रज़ि0। (शाने हबीबुर्रहमान स0 125)

सवाल.538. वो कौन सहाबी हैं जिन्होंने जर्गे ख़न्दक़ में ख़न्दक़ खोदने का मशवरह दिया था?

जवाब. वो हज़रत सलमान फ़ारसी रज़ि0 हैं। (सीरते मुस्तफ़ा स0 145)

सवाल.539. मैराज के वाक़ऐ की सबसे पहले किसने तसदीक़ की?

जवाब. हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 ने । ([illegible])

सवाल.540. वो कौनसे सहाबी है जिनके ईमान लाने पर इनके ख़नदान के सात सौ लोगों ने इस्लाम कुबूल कर लिया?

जवाब. हज़रत दहिया क़ल्बी रज़ि0 । (रूहुल बयान जि0.1 स0 124)

सवाल.541. जंगे बदर में किस सहाबी के हाथ में लकड़ी तलवान बन गई थी और उस तलवार का क्या नाम था?

जवाब. हज़रत अकाशा रज़ि0 के हाथों में, उस तलवार का नाम अर्जून था । (क्या आप जानते है स0 2730)

सवाल.542. असहाबे बदर में से सबसे आख़िर में वफ़ात पाने वाले सहाबी का क्या नाम है?

जवाब. हज़रत अबु सईद बिन मालिक रज़ि0 हैं ।

(क्या आप जानते हैं स0 273)

सवाल.543. इसलाम की तरफ़ से कुफ़्फ़ार की जानिब सबसे पहला तीर किस सहाबी ने फैंका?

जवाब. हज़रत सअद बिन अबी वक़ास रज़ि0 ने ।

(क्या आप जानते है स0.272)

सवाल.544. उस सहाबी का क्या नाम है जो कुफ़्फ़ार की कैद में बिन मौसम के अगूंर फल खा रहे थे?

जवाब.हज़रत ख़बीब रज़ि0 ।

सवाल.545. हज़रत ख़बीब रज़ि0 को किस लड़की ने सौ ऊंट के बदले में ख़रीदा था?

जवाब. हारिस बिन गाबिर बिन नोफ़िलं की बैटी ने अपने बाप के कसास केलिए ख़रीदा था । (मदारजुन नबुव्वत जि0 2 स0 1[illegible])

सवाल.546. किस सहाबी को ज़मीन ने निगल लिया और उन्हें क्या कहा जाता है?

जवाब.हज़रत ख़बीब रज़ि0 को बलिगुल अर्द कहा जाता है । (मदारे जुलनबुव्वत जि0 2 स0 199)

सवाल.547. हज़रत ज़ैद रज़ि0 को किसने शहीद किया?

जवाब. सफ़वान बिन उमिया के गुलाम "नसतास" ने ।

(मदारे जुलनबुव्वत जि0 2 स0 201)

सवाल.548. वो कौन सहाबी है जिन्हें शहादत के बाद आसमान पर उठा लिया गया?

जवाब. हज़रत आमिर बिन फ़हीरा रज़ि0 । (मदारे जुलनबुव्वत जि0 2 स0 206)

सवाल.549. किस सहाबी को गुसैलुल मलाईका कहा जाता है?

जवाब. हज़रत हनज़ला बिन रबिआ रज़ि0 को ।

(मदारे जुलनबुव्वत जि0.2 स0.740)

सवाल.550. वो कौन सहाबी रसूल है जो अपने वालिदैन की हयात में ही ख़लीफ़ा ए रसूल बन गये?

जवाब. हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 । (तारीख़ुल खुलाफ़ा स0.57)

सवाल.551. वो कौन सहाबी है जिन्हें छोटा कहकर जंग से वापस जाने को कहा गया तो वो अगूंठे के बल खड़े हो गये ताके वो ऊंचा नज़र आयें और जंग में जाने की इजाज़त मिल जाये?

जवाब. हज़रत राफ़े बिन ख़दीज रज़ि0 । (सीरते मुस्तफ़ा स0.196)

सवाल.552. उस सहाबी का क्या नाम है जिन्हें जंग से वापस जाने को कहा तो राफ़े बिन ख़दीज से कुश्ती के लिए त्यार हो गये और कहा के अगर मेंने राफ़े को पछाड़ दिया तो मुझे जंग में जाने की इजाज़त मिलनी चाहिऐ जब दोनों का मुक़ाबला कराया गया तो वो राफ़े को पछाड़ दिया?

जवाब.हज़रत सुमरा रज़ि0 थे । (सीरते मुस्तफ़ा स0 196)

सवाल.553. उस सहाबी का क्या नाम है जिनके सर पर बाल नही थे, मगर हुजूर ने हाथ फेर दिया तो बाल आगये?

जवाब. हज़रत सलामा बिन अदी रज़ि0 । (क्या आप जानते हैं स0.43)

सवाल.554. उस सहाबी का क्या नाम है जिनकी आंख निकल कर बाहर आ गई थी, सरकार उसी जगह रखकर अपना लुआब दहन 'थूक' लगा दिया तो बिलकुल पहले जेसी हो गई?

जवाब. हज़रत अबु क़तादा रज़ि0 । (क्या आप जानते हैं स0.43)

सवाल.555. हज़रत अबुहुरेरा रज़ि0 का कुफ़ की हालत में क्या नाम था और बाद ईमान क्या नाम हुआ?

जवाब. हालते कुफ़ में वश्शम्स और बाद ईमान अब्दुर्रहमान । (क्या आप जानते हैं स0.422)

सवाल.556. वो कौन सहाबी ए रसूल हैं जिनकी शफ़ाअत से सत्तर हज़ार अफ़राद बग़ैर हिसाब व किताब जो जहन्नम के मुसतहिक़ हो चुके हैं वो जन्नत में जायेंगे?

जवाब. हज़रत उसमान ग़नी रज़ि0 की शफ़ाअत से ।

(जवाहिरी जि0 सोम स0.315)

सवाल.557. वो कौन सहाबी हैं जिन्हें क़ायामत के दिन उलामा का इमाम चुना जायेगा?

जवाब. हज़रत मुआज़ बिन जब्ल रज़ि0 ।

सवाल.558. वो कौन सहाबी हैं जिनकी नमाज़ जनाज़ा में सत्तर हज़ार फ़रिश्तों ने शिरकत की?

जवाब. हज़रत सअद इबने मुआज़ रज़ि0 । (जवाहिरी जि0 सोम स0 139)

सवाल.559. वो किस सहबिया की बकरी थी जिंस के ख़ुश्क थन को हुज़ूर ने हाथ लगाया तो दूध से भर

गया और वो बकरी अस्सी साल तक ज़िन्दा रही?

जवाब. वो हज़रत उम्मे मुअब्द की बकरी थी जिसके दूध से एक जमाअत भी सैराब हुई । (मदारेजुल नबुव्वत स0 90)

सवाल.560. वो कौन सहबी हैं जिनकी उम्र तमाम सहाबियों से ज़ियादा है?

जवाब. वो हज़रत सलमान फ़ारसी रज़ि0 हैं, जिनकी उम्र ढ़ाई सौ साल या साढ़े तीन सौ साल है । [illegible]

सवाल.561. किस सहाबिये रसूल की चार पुश्त तक सहाबियत है?

जवाब. हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 की, खुद सहाबी वालिदैन सहाबी, बैटे सहाबी बैटियां सहाबी पोते नवासे सहाबी हुये । (क्या आप जानते हैं स0.401)

सवाल.562. वो कौन सहाबिये रसूल है जिस ने हुजूर अक़दस सलल्लल्लहु अलेहिव0 के साथ मदीना हिजरत की थी और छुप छुप के मक्का जाकर मुसलमानों को काफ़िरों की क़ैद से निकाल लाये

जवाब. वो हज़रते मुर्शिद रज़ि0 हैं, जो बहुत ही क़वी पहलवान भी थे । (क्या आप जानते हैं स0.413)

सवाल.563. उस सहाबिया का क्या नाम है जिन्हें हुजूर ने ज़ातुल नताक़ीन दो कमर बन्द वाली के लक़ब से नवाज़ा था?

जवाब. वो हज़रत आयेशा सिद्दीक़ा रज़ि0 की हमशीरह आसमा थीं । (क्या आप जानते हैं स0.412)

सवाल.564. वो कौन सहाबी हैं जिन्होंने ग़ार से निकली हुई आग को अपनी चादर से बुझा दिया था?

जवाब. वो हज़रत तमीम दारी रज़ि0 हैं ।

(हिज्जतुल्लाह अलल आलमीन स0.873)

सवाल.565. वो कौन सहाबी थे जो फ़रिश्तों की तसबीह की आवाज़ सुनते थे और फ़रिशतों से मुसाफ़हा भी करते थे?

जवाब. वो हज़रते इमरान बिन हसीन रज़ि0 हैं।

(हिज्जतुल्लाह अलल आलमीन जि0 दोम स0.873)

सवाल.566. उस सहाबी का क्या नाम है जिन्हें फ़रिश्तों ने दूध पिलाकर सैराब फ़रमाया?

जवाब. हज़रत अबु अमामा रज़ि0 है।

(हुलिया तुल औलिया जि0 10 स0.129)

सवाल.567. वो कौन से सहाबी हैं जिन्हें एक क़ब्र से दूसरी क़ब्र में मुनतक़िन कर दिया गया है?

जवाब. वो हज़रत तलहा बिन अब्दुल्लाह रज़ि0 हैं।

(अशदऐ मुबश्शिरह स0.225)

सवाल.568. वो कौन से सहाबी है जिन्हें अबु करश काफ़िर जो लोहे का लिबास पहने हुआ था सिर्फ़ आंख खुली थी आपने ताक कर नेज़े से उसकी आंख पर मारा तो वो मर गया?

जवाब.हज़रत ज़ुबैर बिन अलअवाम रज़ि0 हैं।

(कन्जुल आमाल जि0 12 स0.128)

सवाल.569. वो कौन सहाबी हैं जिन्हों ने हज़रत उसमान ग़नी की ख़िलाफ़त के इन्तेख़ाब में एहम रोल अदा किया?

जवाब.हज़रत अब्दुर्रहमान बिन ऊफ़ रज़ि0। (करामते सहाबा स0.84)

सवाल.570. उस सहाबी का नाम क्या है जो अल्लाह की राह में कुफ़्फ़ार की जानिब से सबसे पहला तीर चलाया?

जवाब.हज़रत सअद बिन अबी वक़ास रज़ि0। (करामते सहाबा स0.88)

सवाल.571. उस सहाबी का क्या नाम है जिन्होंने क़ब्र के अन्दर से सलाम का जवाब अता किया?

जवाब.वो हज़रत अमीर हमज़ा रज़ि0 हैं जिन्हों ने हज़रत फ़ातिमा तुज़्ज़ोहरा के सलाम का जवाब अता किया। (हिज्जातुल्लाह जि0 दोम स0.863)

सवाल.572. वो कौन सहाबी है जिनकी क़ब्र से छियालीस साल बाद भी ताज़ा ख़ून निकला?

जवाब.हज़रते अमीर हमज़ा रज़ि0 की क़ब्र से।

(हिज्जातुल्लाह जि0 दोम स0.864)

सवाल.573. वो कौन सहाबी रसूल हैं जिनके वसीले से हज़रत उमर फ़रूक़ ने दुआ मांगी तो दुआ क़ुबूल हुई?

जवाब.हज़रत अब्बास रज़ि0 के वसीले से।

(दलाईलुल नबुव्वत जि0 सोम स0.206)

सवाल.574. किस सहाबी को हुजूर सललल्लाहु अलेहीव0 ने "ज़ुलजनाहीन" दो बाज़ुओं वाला लक़ब से नवाज़ा?

जवाब.हज़रत जाफ़र रज़ि0 को। (करामाते सहाबा स0.104)

सवाल.575. किस सहाबी रसूल की दुआ से शराब शहद बन गई?

जवाब.हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ि0 की दुआ से।

(तबरी जि0.4 स0.4)

सवाल.576.उस सहाबी का क्या नाम जिन्होंने बिस्मिल्लाह कहकर ज़हर खा लिया तो कोई असर न हुआ?

जवाब. ख़ालिद बिन वलीद रज़ि0। (हिज्जतुल्लाह जि0.2 स0.867)

सवाल.577. सबसे कम उम्र के सहाबी का क्या नाम है जिनके मुहं में हुजूर ने कुल्ली की थी?

जवाब.हज़रत महमुद बिन रबीअ रज़ि0 । (क्या आप जानते हैं स0.412)

सवाल.578. वो कौन सहाबी थे जिनसे भैड़िये ने गुफतुगु की थी और हुजूर सललल्लाहु अलेहिवसल्लम की निशानदही की थी?

जवाब.हज़रत सलमा बिन रकूअ रज़ि0 से । (क्या आप जानते हैं स0.421)

सवाल.579. किस सहाबी रसूल को दुनियाऐ इसलाम का पहला दुर्वेश "फ़कीर" कहा जाता है?

जवाब.हज़रत अबुज़र ग़फ़्फारी रज़ि0 को ।(क्या आप जानते हैं स0.420)

सवाल.580. उस सहाबी का क्या नाम है जिन्होंने हालते कुफ्र में इसलमा के सबसे बड़े बहादुर अमीर हमज़ा को शहीद किया और मुसलमान हो के इसलाम के सबसे बड़े दुश्मन मुस्लिमा कज़्ज़ाब को क़त्ल किया था?

जवाब.हज़रते वहशी रज़ि0 । (क्या आप जानते हैं स0.420)

सवाल.581. मुल्के शाम में सबसे बाद में वफ़ात पाने वाले सहाबी का क्या नाम है?

जवाब.हज़रत अबु अमामा बाहली रज़ि0 । (क्या आप जानते हैं स0.427)

सवाल.582. मुल्के मिस्र में सबसे बाद में वफ़ात पाने वाले सहाबी कौन हैं?

जवाब.हज़रत अब्दुल्लाह अबुहारिस बिन जज़ा ।

(क्या आप जानते हैं स0.427)

सवाल.583. कूफ़ा में सबसे बाद में विसाल पाने वाले सहाबी का क्या नाम है?

जवाब.हज़रत अब्दुल्लाह बिन अबी ऊफ़ी रज़ि0 ।

(क्या आप जानते हैं स0.427)

सवाल.584. मदीना में सबसे आख़िर में वफ़ात पाने वाले कौन सहाबी है?

जवाब.हज़रत अस्साइब ज़ैद रज़ि0 । (क्या आप जानते हैं स0.427)

सवाल.585.बसरा में सबसे बाद में वफ़ात पाने वाले सहाबी का क्या नाम है?

जवाब.हज़रत अनस बिन मालिक रज़ि0 । (क्या आप जानते हैं स0.427)

सवाल.586. वो कौन सहाबी रसूल हैं जिनकी क़यादत में साठ हज़ार इसलामी अफ़वाज मेय अपने सवारियों के दरयाऐ दजला पार करलिया था?

जवाब.हज़रत सअद इबने अबी वक़ास रज़ि0 की क़यादत में,उनहीं की शान में अल्लमा इक़बाल ने कहा था ।

(दलाइलुल नबुव्वत जि0.सोम स0.209)

दश्त तो दश्त है दरया भी न छोड़े हमने
बहरे ज़ुलमात में दौड़ा दिये घोड़े हमने

सवाल.587. किस सहाबी रसूल ने फ़रिश्ते से मुलाक़ात की?

जवाब. हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि0 ।

(दलाइलुल नबुव्वत जि0.सोम स0.207)

सवाल.588. किस सहाबी ए रसूल की नमाज़े जनाज़ा में सत्तर हज़ार फ़रिश्तों ने शिरकत की?

जवाब.हजरत सअद बिन मआज़ रज़ि0 की नमाज़े जनाज़ा में । (जरक़ानी जि0 दोम स0 143)

सवाल.589. किस सहाबी रसूल की लाश पर फ़रिश्तों ने साया किया?

जवाब.हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर व बिन हज़ाम रज़ि0 की लाश पर । (बुखारी शरीफ जि0 1 स0.395)

सवाल.590. उस सहाबी का क्या नाम है जिनकी क़ब्र से तिलावत की आवाज़ आ रही थी?

जवाब.हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर व बिन हज़ाम रज़ि0

की क़ब्र से। (हिज्जतुल्लाह जि0 दोम स0 864)

सवाल.591. वो कौन से सहाबी हैं जिन की तिलावत सुन्ने के लिऐ आसमान से फ़रिश्ते उतर आते थे?

जवाब. हज़रत सअद बिन हज़ीर रज़ि0 की तिलावत सुन्ने के लिऐ। (मिश्कात शरीफ स0.184)

सवाल.592. वो कौन सहाबी की क़ब्र है जो आम लोगों के लिऐ शिफ़ा ख़ाना बन गई?

जवाब. हज़रत अबु अय्यूब अनसारी रज़ि0 की क़ब्र।

(करामते सहाबा स0 124)

सवाल.593. वो कौन से सहाबी हैं जिनके बाल अस्सी साल में भी एक भी सफ़ैद नही हुये?

जवाब. हज़रत उमर बिन अलहमक़ रज़ि0 के बाल हुज़ूर की दुआ से सफ़ैद नही हुये। (कन्ज़ुल आमाल स0.165)

सवाल.594. वो किस सहाबी की लाश थी जिसे शहद की मक्खियों ने पहरे में ले रखा था?

जवाब. हज़रत आसिम बिन साबित रज़ि0 की लाश को।

(बुखारी शरीफ़ जि0 दोम स0 569)

सवाल.595. किस सहाबी रसूल के ख़जूर का बाग़ साल में दो बार फलता था?

जवाब.हज़रत अनस बिन मालिक रज़ि0 का।

(मिश्कात शरीफ जि0.दोम स0 545)

सवाल.596. किस सहाबी रसूल को मलाकुल मौत ने सलाम किया?

जवाब.हज़रत सुलेमान फ़रसी रज़ि0 को। (शवाहिदुन्नबुव्वत स0.221)

सवाल.597. यमन में सबसे पहले कौन ईमान लाया?

जवाब.हज़रत ज़वीब बिन कलीब रज़ि0 ने।

सवाल.598. वो कौन सहाबी हैं जिन्हें दहकती हुई आग में

डाल दिया गया तो कुछ असर न हुआ?

जवाब.हज़रत ज़वीब बिन कलीब रज़ि0 को।

(हिज्जतुल्लाह जि0 दोम स0.874)

सवाल.699. वो कौन सहाबी हैं जिनकी उगंलियां इतनी रोशन हो गई के जिसकी रोशनी से वो अंधेरे में चलने लगे?

जवाब. हज़रत हमज़ा बिन उमर असलमी रज़ि0 की उंगलियां थी। (दलाइलुल नबुव्वत जि0 दोम स0.206)

सवाल.600. वो कौन सहाबी हैं जिन्होंने अज़ाबे क़ब्र की आवाज़ अपने कानों से सुनी?

जवाब.हज़रत याअला बिन मर्ररह रज़ि0 ने।

(हिज्जतुल्लाह जि0.दोम स0.874)

सवाल.601. किस सहाबी रसूल ने हज़रते जिब्राईल को अपनी आंखों से देखा?

जवाब.हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ि0 ने।

(करामते सहाबा स0.160)

सवाल.602. किस सहाबी रसूल की लाश क़ब्र से ग़ायब हो गई?

जवाब.हज़रत अला हज़रमी रज़ि0 की लाश।

(दलाइलुल नबुव्वत जि0.दोम स0.208)

सवाल.603.वो कौन से सहाबी रसूल हैं जो हुज़ूर सललल्लाहु अलेहिवसल्लम के बादे विसाल फ़िराक़े विसाले रसूल में दिल बरदाश्ता होकर मुल्के शाम चले गये और वहीं इन्तेक़ाल हो गया?

जवाब.हज़रत बिलाल रज़ि0। (करामते सहाबा स0 164)

सवाल.604. किस सहाबी रसूल की ये करामत थी के जिस तरह की भी मरीज़ होता वो अपना सर मरीज़ के

मर्ज़ में चला देते तो फ़ौरन मरीज़ सही हो जाता?

जवाब. हज़रत हन्ज़ला ब्रिन हज़ीम रज़ि0 की।

(कन्ज़ुलआमाल जि0 15. स0 327)

सवाल.605. वो कौन सहाबी हैं जो पंद्राह दिनों तक अपने ईमान का ऐलान करते रहे और कुफ़्फ़ार से मार खाते रह?

जवाब.हज़रत अबुज़र ग़फ़्फ़ारी रज़ि0 हैं। (बुखारी शरीफ़ जि0 1 स0 499)

सवाल.606.किस सहाबी की दुआ से ख़ुश्क खजूर के दरख़्त सर सब्ज हो कर फलदार हो गये?

जवाब. नवासऐ रसूल हज़रते इमाम हुसैन रज़ि0 की दुआ से। (करामते सहाबा स0 168)

सवाल.607. वो कौन सहाबी हैं जिन के सर मुबारक से बाद शहादत भी तिलावत की आवाज़ आरही थी?

जवाब. वो नवासये रसूल हज़रत इमाम हुसैन रज़ि0 के सर मुबारक थे। (रोज़ातुश्शोहदा स0 230)

सवाल.608. किस सहाबी रसूल को शेतान ने नमाज़ के लिऐ जगाया?

जवाब.हज़रत अमीर मआविया रज़ि0 को। (करामते सहाबा स0 173)

सवाल.609. किस सहाबी रसूल ने हज़रत जिब्राईल को अपनी आंखों से देखा?

जवाब.हज़रत हारसा बिन नोमानी रज़ि0 ने। (करामते सहाबा स0 175)

सवाल.610. किस सहाबी रसूल ने शैतान को कुश्ती में तीन मर्तबा पछाड़ा था?

जवाब.हज़रत उम्मार बिन यासिर रज़ि0 ने। (मवाहिदुल नबुव्वत स0 218)

सवाल.611. किस सहाबी रसूल की लाश को मैदाने जंग से बारहा उठाने की कोशिश करने के बावुजूद उठाया ना जा सका और वहीं दफ़नाना पड़ा?

जवाब.हज़रत उमर बिन जमूअ रज़ि0 की लाश को।

(मदारिजुल नबुव्वत स0 124)

सवाल.612. किस सहाबी रसूल का हालते नमाज़ में ही विसाल हो गया?

जवाब.हज़रत अबु सोअलवा ख़ुश्नी रज़ि0 का।

(करामते सहाबा स0 182)

सवाल.613. किस सहाबी ने अबुजहल को क़त्ल किया था?

जवाब.हज़रत मुआज़ बिन गुफ़रा रज़ि0 ने किया था जिनकी उम्र अभी बारह साल ही थी। ([illegible] स0 422)

सवाल.614. किस सहाबी रसूल ने बादल के रूख़ को फेर दिया था?

जवाब.हज़रत अबी बिन कअब अन्सारी रज़ि0 ने।

(कन्ज़ुल आमाल जि0 15 स0 137)

सवाल.615. किस सहाबी रसूल को एक बेजान तसवीर ने किसरा के ख़ज़ाने का पता बताया था?

जवाब.हज़रत साइब बिन अक़रेअ रज़ि0 को।

(करामते सहाबा स0 189)

सवाल616किस सहाबी रसूल ने फ़रिश्ते से मुलाक़ात की?

जवाब.हज़रत अरबाज़ सारिया रज़ि0 ने। (करामते सहाबा स0 190)

सवाल.617. किस सहाबी रसूल ने ख़ुश्क थन से भरपूर दूध दूहा?

जवाब.हज़रत ख़बाब बिन अलअर्स रज़ि0 ने। (करामते सहाबा स0 190)

सवाल.618. किस सहाबी रसूल के खाना पकाते वक़्त हांडी और उसके बाद खाने के हर दाने ने आवाज़ से तसबीह पढ़ी?

जवाब.हज़रत अबु दरदा रज़ि0 की हांडी और उसमें पके

हुये खाने दाने ने तसबीह पढ़ी। (करामते सहाबा स0 186)

सवाल.619. चूहे ने किस सहाबी रसूल को सत्तरह अशर्फियां दीं?

जवाब. हज़रत मिक़दाद बिन असवद क़न्दी रज़ि0 को।

(करामते सहाबा स0 193)

सवाल.620. किस सहाबी की लाश सात दिन रखे रहने के बावुजूद ख़राब नही हुई?

जवाब. हज़रत अबु तलहा अन्सारी रज़ि0 की लाश।

(करामते सहाबा स0 196)

सवाल.621. किस सहाबी रसूल की लाठी अन्धेरी रात में रोशन होकर टार्च का काम कर देती थी?

जवाब. हज़रत उबाद बिन बशर रज़ि0 की लाठी। ([illegible])

सवाल.622. किस सहाबी रसूल के चहरे से पूरा घर रोशन हो जाता था?

जवाब. हज़रत असीद बिन अबी अयास अदबी रज़ि0 का।

(कन्जुल आमाल जि0 15 स0.253)

सवाल.623. कौन सहाबी रसूल हैं जिन का हाथ हर मर्ज़ की दवा थी?

जवाब. हज़रत बशर बिन मआविया बकाई रज़ि0 का।

(कन्जुल आमाल जि0 15 स0.267)

सवाल.624. हुज्जतुल विदाअ में हुज़ूर सललल्लाहु अलेहिवसल्लम ने किस सहाबी केलिऐ तवाफ ज़ियारत को मोअख़्ख़र कर दिया?

जवाब. हज़रत ओसामा बिन ज़ैद रज़ि0 केलिऐ।

(कन्जुल आमाल जि0 15 स0 243)

सवाल.625. किस सहाबी रसूल के दांत सौ बरस तक बिलकुल सलामत रहे?

जवाब. हज़रत नाबग़ा रज़ि0 के। (करामते सहाबा स0 204)

सवाल.626. किस सहाबी रसूल का कोड़ा अंधेरी रात में टार्च का काम देता था?

जवाब. हज़रत उमर बिन तुफ़ैल दोसी रज़ि0 का।

(कन्जुल आमाल जि0 16 स0 160)

सवाल.627. किस सहाबी ने बाद वफ़ात उन पर रोने वालों को रोने से मना फ़रमाया?

जवाब. हज़रत ज़ैद बिन ख़ारजा अन्सारी रज़ि0 ने।

(करामते सहाबा स0.210)

सवाल.628. किस सहाबी के हल्क़ में तीर बरसों चुभा रहा आपने उसको नही निकलवाया और उसी हालत में सत्तर साल तक ज़िन्दा रहे?

जवाब. हज़रते राफ़े बिन ख़दीज रज़ि0 के हल्क़ में।

(हाशिया कन्जूल आमाल जि0.16 स0.5)

सवाल.629. वो कौन सहाबी हैं जिनका चेहरा बिलकुल आईना के मानिन्नद था दूसरे उनके चेहरे पे अपना चेहरा देखते थे?

जवाब. हज़रत क़तादा बिन मलहान रज़ि0 के। (करामते सहाबा स0 213)

सवाल.630. वो कौन सहाबी है जिन्होने हज़रते ईसा अलेहिस्सलाम के सहाबी से मुलाक़ात की?

जवाब. हज़रत नज़ला बिन मआविया अन्सारी रज़ि0 ने।

सवाल.631. वो कौन सहाबी हैं जिनकी आवाज़ सैकड़ों मील दूर तक सुनाई पड़ती थी?

जवाब. हज़रत अबु क़रसाफा रज़ि0। (करामते सहाबा स0.224)

सवाल.632. किस सहाबी की मदद के लिऐ सातवें आसमान से फ़रिश्ते उतर आये और उनके दुश्मन को मार डाला?

जवाब.हज़रत ज़ैद बिन हारसा रज़ि0 केलिए । ([illegible] हि0 1 स0 548)

सवाल.633. वो कौन सहाबी रसूल हैं जो सौ साल तक हुज़ूर की दुआ से बिलकुल जवान रहे?

जवाब. हज़रते अबु ज़ैद अन्सारी रजि0 हैं। ([illegible])

सवाल.634. वो कौन ऐसे सहाबी हैं जिनके बुलाने पर मवेशी भग आते थे?

जवाब.हज़रत औफ बिन मालिक रजि0 के बुलाने पर।

(करामाते सहाबा स0 234)

सवाल.635. वो कौन सहाबिया हैं जिन्होंने जन्नत से खाना मंगाया था?

जवाब. वो बिनते रसूल हजरते फातिमा तुज्जोहरा रज़ि0 है। ([illegible])

सवाल.636. किस सहाबिया को हज़रत जिब्राईल सलाम कहा करते थे?

जवाब. उम्मुल मोमेनीन हजरते आयेशा सिद्दीक़ा रज़ि0 को। (कन्जुल आमाल जि0 16 स0 207)

सवाल.637. वो कौन सहाबिया हैं जिन्हें बाद हिजरत कभी प्यास नही लगी?

जवाब. वो हजरते उम्मे ऐमन रजि0 हैं। ([illegible])

सवाल.638. किस सहाबिया की दुआ से मुर्दा ज़िन्दा हो गया?

जवाब हजरत उम्मे साइब रजि0 की दुआ से। ([illegible])

सवाल.639 किस सहाबिया की अन्धी आंख में रोशनी आ गई?

जवाब.हज़रत जनीराह रज़ि0 की। ([illegible] जि0 दोम स0 276)

तज़किर ए जन्नत व दोज़ख़

सवाल.640. जन्नत क्या है?और जन्नत में कौन रहेंगे?

जवाब.एक ख़ूबसूरत मकान है। जिसमे ईमान वाले रहेंगे।

(बहारे शरीअत हि0 1 स0.43)

सवाल.641. जन्नत में कितने दरजे हैं?

जवाब.सौ दरजे। (बहारे शरीअत हि0.1 स0.47)

सवाल.642. जन्नत के एक दरजे से दूसरे दरजे तक का कितना फ़ासला है?

जवाब.जो फ़ासला ज़मीन व आसमान का है। (बहारे शरीअत हि0.1 स0.44)

सवाल.643. जन्नत की ज़मीन किस चीज़ की होगी?

जवाब.ज़मीन चांदी की होगी। (अलमलफ़ूज़ हि0 चहारुम स0.75)

सवाल.644. जन्नत कहां है?

जवाब.सातवें आसमान के ऊपर और अर्शे आज़म के नीचे।

(तफ़सीरे कबीर जि0.8 स0.75)

सवाल.645. जन्नत के सबसे बड़े दरख़्त का क्या नाम है?

जवाब.तूबा। (क्या आप जानते हैं स0.244)

सवाल.646. ये कितना बड़ा पेड़ है?

जवाब. इतना बड़ा के उसके साये में सौ बरस तक तेज़ घोड़े पर सवार चलता रहे तो सफ़र ख़त्म न हो।

(बहारे शरीअत हि0.1 स0.44)

सवाल.647. जन्नत की छत क्या है?

जवाब.अर्शे मुअल्ला।

सवाल.648. जन्नत को जन्नत क्यूं कहते हैं?

जवाब.इस लिऐ के जन्नत बना है जिन से जिसका माना छुपना। जन्नत के माना हैं छुपा हुआ बाग़ क्यूं कि ये दुनिया वालों की नज़रों से छुपा है। (अनवारुल कुरआन 112)

सवाल.649. जन्नत के दरोगा का क्या नाम है?

जवाब.रिजवान। (जकीनी जि0.6 स0.22)

सवाल.650. जन्नत में जन्नतियों को सबसे पहले कौनस

खाना दिया जायेगा?

जवाब.मछली की कलेजी का कवाब।

(क्या आप जानते है बुखरी जि0.1 स0 469)

सवाल.651. जन्नत के कितने तबक़ात हैं?और कौनसा तबक़ा किस चीज़ का बना हुआ है?

जवाब.आठ। 1.दारूल जलाल जो सफेद मोती का बना है 2.दारूस्सलाम जो सुर्ख़ याक़ूत का बना है 3.जन्नतुलमावा जो सब्ज़ा ज़बर जद का 4.जन्नतुल ख़ुल्द जो ज़र्द मूंगे का 5.जन्नतुन्नईम जो सफेद चांदी का 6.दारूल क़रार जो सुर्ख़ सोने का 7.जन्नतुल फ़िरादोस जिसकी एक ईट सोने की एक ईट चांदी की एक याक़ुत की एक ज़बर जद की और गारा मुश्क का है (8) जन्नत अदन एक क़िस्म की सफेद मोती से बनी हुई है। (क्या आप जानते है)

सवाल.652. हुज़ूर सलल्लाहु अलेहिवसल्लम ने किस जन्नत को मांगने के मुताअल्लिक़ कहा। और क्यूं?

जवाब.जन्नतुल फ़िरदोस को क्यूं के ये जन्नतों के दरमियान है और सबसे बलन्द है और उसपर अर्श रहमान है और उसी से जन्नत की नहरें जारी हुई हैं।

(क्या आप जानते है स0 240)

सवाल.653. जन्नत की नहरों के क्या नाम हैं?

जवाब. कौसर, काफ़ूर, तसनीम, सलसबील, रहीक़।

(क्या आप जानते है स0 240)

सवाल.654. उनमें से कौन नहर हुज़ूर सलल्लाहु अलेहिवसल्लम के लिऐ ख़ास है?

जवाब.नहरे कौसर।

(क्या आप जानते है स0 240)

सवाल.655. जन्नत में सबसे पहले कौन दाख़िल होगा?

जवाब. मर्दों में हज़रत अबुबकर, औरतों में हज़रत फातिमा तुज़्जोहरा रज़ि0। (सीरते हल्बी जि0 1 स0 266)

सवाल.656. जन्नती जन्नत में कितनी उम्र के होंगे?

जवाब.तीस या तैंतीस साल के।

(मिश्कात शरीफ जि0 दोम स0 498 बहारे शरीअत जि0. 1 स0.47)

सवाल.657.जन्नत में एक जन्नती के कितने ख़ादिम होंगे?

जवाब.दस हज़ार। (बहारे शरीअत जि0 1 स0 45)

सवाल.658. जन्नत के कितने दरवाज़े और किस दरवाज़े से कौन लोग दाख़िल होंगे?

जवाब.(1)सोने का मुकल्लल बजवाहिर इस से पैगम्बर, शोहदा सख़ी दाख़िल होंगे (2)बाब अलमुसल्लीन इस से वुज़ू और नमाज़ का एहतमाम करने वाले दाख़िल होंगे (3)बाब अलमुज़क्कीन इस से ज़कात अदा करने वाले दाख़िल होंगे (4)इस से अच्छाई का हुक्म देने वाले और बुराई से रोकने वाले दाख़िल होंगे (5)पांचवें से नफ़सानी ख़्वाहिशात से बचने वाले दाख़िल होंगे (6)छटे से हज व उमरा करने वाले दाख़िल होंगे (7)सातवें से जिहाद फ़ी सबीलिल्लाह करने वाले दाख़िल होंगे (8)आठवें से मुहरामात से निगाहें झुकाये रखने वाले और वालिदेन के साथ अच्छा सुलूक करने वाले दाख़िल होंगे। (क्या आप जानते है स0 239 व 240)

सवाल.659. क्या फ़रिश्ते जन्नत में जायेंगे?

जवाब.नहीं। क्योंकि जन्नत में पहुंचाने वाली चीज़ नफ़्से अम्मारा है वो उनके पास नही है। (अनवारूल कुरआन 116)

सवाल.660. क्या जिन्नात जन्नत में जायेंगे जबके उनके पास नफ़्स भी हैं?

जवाब.नहीं क्यूं के उसके पास अक़्ल नही है। (अजायबुल कुरआन 116)

सवाल.661. क्या कभी जन्नती जहन्नमी का हाल भी मालूम करेंगे?

जवाब.जन्नत और दोज़ख़ के दरमियान अगर मुसलमान अपने काफ़िर दुश्मन का हाल मालूम करना चाहेगा उस रोशनदान से झांक कर देख लेगा। (क्या आप जानते हैं स0 250)

सवाल.662. दोज़ख़ क्या है और उस में कौन लोग रहेंगे?

जवाब. यह एक मकान है जो अल्लाह तआला के क़हर व जबर के जलाल का मज़हर है जो इस के न फ़रमान बन्दों के लिए बना है। जिसमें काफ़िर, मुशरिक,मुनाफ़िक़ वग़ैरा रहेंगे। (बहारे शरीअत जि0 1 स0 48)

सवाल.663. दोज़ख़ कहां है?

जवाब.सातवें तबक़ ज़मीन के नीचे। (तफ़सीर अज़ीज़ी स0 30.20)

सवाल.664. दोज़ख़ के कितने तबक़े हैं?उसके नाम क्या हैं?

जवाब.सात। (1)जहन्नम (2)सक़र (3)लज़ी (4)सईर (5)हतमा। (6)हजम (7)हाविया।

सवाल.665. जहन्नम में कितनी वादियां हैं?

जवाब.सत्तर हज़ार वादियां हैं हर वादी में सत्तर हज़ार घाटियां और हर घाटी में सत्तर हज़ार सांप और बिछ्छू हैं। (मकाशिफ़तल कुलूब स0 302)

सवाल.666. हजूर रहमते आलम सललल्लाहु अलेहि0 ने फ़रमाया के जहन्नम में एक वादी है जिससे जहन्नम भी हर रोज़ पनाह मांगती है उस वादी का नाम क्या है?और वो किस के लिऐ है?

जवाब.वो वादी हुज़्न है। और वो रिया कारों के लिऐ है।

(मकाशिफ़तल कुलूब स0 302)

सवाल.667. जहन्नम के फ़रिश्तों का लिबास क्या होगा?

जवाब.आग के कपड़े। (मकाशिफ़तल कुलूब स0.299)

सवाल.668. एक बार सहाबा किराम ने एक ज़ोरदार धमाके के बारे में हुज़ूर सें दरयाफ़्त किया ता सरकार ने क्या जवाब दिया?

जवाब.आप ने इरशाद फ़रमाया के आज से सत्तर साल पहले जहन्नम के किनारे से एक पत्थर लुढ़काया गया था जो अब उसकी गहराई में पहुंचा ये उसी की आवाज़ थी। (मकाशिफ़तल कुलूब स0.30)

सवाल.669. जहन्नम का मामूली अज़ाब क्या होगा?

जवाब.आग का जूता। अगर उस आग को दुनिया में पेश करदिया जाये तो सारी दुनिया जलकर भस्म हो जायेगी। (मकाशिफ़तल कुलूब स0.303)

सवाल.670. जहन्नम की आग कितने सालों तक भड़काई गई। और वो कब किस रंग की हुई?

जवाब.तीन हज़ार साल तक। पहले हज़ार साल मे जहन्नम सुर्ख़ हो गई दूसरे हज़ार साल में वो सफ़ेद हो गई तीसरे हज़ार साल में वो बिलकुल सियाह और तारीक तरीन हो गई। (बहारे शरीअत जि0 1 स0 49/मकाशिफ़तल कुलूब स0 304)

सवाल.671. एक बार जहन्नम ने अल्लाह तआला से शिकायत की के मेरे बाअज़ हिस्से बाअज़ हिस्सों की तपिश से फ़ना हो रहे हैं तो अल्लाह तआला ने उसे क्या जवाब दिया?

जवाब.अल्लाह तआला ने जहन्नम को दो सांसों की इजाज़त अता कि एक गर्मी में और एक सर्दी में। (मकाशिफ़तल कुलूब स0)

सवाल.672. ये दुनिया में गर्मी सर्दी की वजह क्या है?

जवाब.जहन्नम के सांस लेने की वजह से गर्मी की शिद्दत उसकी गर्म सांस से और सर्दी उसके सर्द सांस से हुई है। (मकाशिफतल कुलूब स0.304)

सवाल.673. दुनिया में जो आग इस्तेमाल करते हैं क्या ये भी जहन्नम से आई है?

जवाब.जी। जहन्नाम की आग को सत्तर मर्तबा रहमत के पानी से धोकर भेजा गया है। (मकाशिफतल कुलूब स0.304)

सवाल.674. जहन्नम के मशहूर गिज़ा का क्या नाम है?

जवाब.ज़रकूम (थोहर) (मकाशिफतल कुलूब स0.305)

तज़किरये ज़मीन व आसमान व अर्श व कुर्सी व सिदरतुल मुनतहा

सवाल.675.ज़मीन व आसमान में पहले किस की तख़लीक़ हुई?

जवाब.ज़मीन की हुई। (मकानी जि0.1 स0.47)

सवाल.676. अल्लाह तआला ने ज़मीन व आसमान किस चीज़ से बनाया?

जवाब.पानी की मोजों से पैदा शुदा धुआं और झाग से। (मकाशिफतल कुलूब स0.21)

सवाल.677. सबसे पहले ज़मीन का कौनसा हिस्सा बनाया?

जवाब.वो हिस्सा जहां अभी ख़ानऐ काअबा है। (ख़ाज़िन जि0.1स0.94)

सवाल.678. ज़मीन व आसमान में कौन अफ़ज़ल है? और वजह फ़ज़ीलत क्या है?

जवाब.ज़मीन। वजह फ़ज़ीलत ये के ज़मीन अम्बिया किराम का मोलद व मदफ़न है। (मकाशिफतल कुलूब स0.210)

सवाल.679. ज़मीन के कितने तबक़ात हैं और एक तबक़े से दूसरे तबक़े का कितना फ़सला है?

जवाब.सात तबकात हैं और एक तबक़ से दूसरा तबक पांचसौ साल का फ़सला है। (मकाशिफतल कुलूब स0.403)

सवाल.680. किस तबक़ में क्या है?

जवाब.सबसे ऊपर वाला मछली के पुश्त पर है जिस ने अपनी दोनों आंखें आसमान से मिलाई हुई हैं मछली चट्टान पर है और चट्टान फ़रिश्ते के हाथ में है दूसरी हवा का क़ैद ख़ाना तीसरी ज़मीन में जहन्नम का पत्थर है चोथी ज़मीन में जहन्नम का गन्धक है पांचवी में जहन्नम के सांप हैं छटवीं में जहन्नम के बिच्छू हैं जिनमें सबसे छोटा बिच्छू भी पहाड़ी ख़च्चर के बराबर है। सातवीं में इबलीस लोहे से जकड़ा हुआ है। (मकाशिफतल कुलूबस0.403/104)

सवाल.681. सातों तबक़ ज़मीन में कौन अफ़ज़ल है?

जवाब.ऊपर वाल जिसपर ख़ल्क़े ख़ुदा आबाद है। (मकाशिफतल कुलूब स0.210)

सवाल.682. पहले ज़मीन व आसमान जड़े थे के अलग अलग?

जवाब.पहले दोनों जड़े थे। (मकाशिफतल कुलूब स0.209)

सवाल.683. अलग कैसे हुऐ?

जवाब.अल्लाह तआला ने हवा को पैदा फ़रमाया जिस के दबाओ से ज़मीन व आसमान अलेहदा हो गये। (मकाशिफतल कुलूब स0.209)

सवाल.684. वो कौन हज़रात हैं जिन्हें मरने के बाद मिट्टी नही खाती?

जवाब.वो आठ तरह के लोग हैं। (1)अम्बिय ए किराम (2)शोहदाये इज़ाम (3) ओलिया ए किराम (4)ओलामा ए किराम (5)हुफ़्फ़ाज़ किराम (6)जा

लोग कसरत से दुरूद शरीफ़ पढ़ते हों (7)वो लोग जो कभी अल्लाह तआला की नफ़रमानी न किये हों (8)वो मुअज़्ज़िनेन जो बिला उजरत अज़ान कहते हों। (अलगलफज हि0.4 स0.60)

सवाल.685. वो कितने हज़रात हैं जिन्होंने पूरे रूऐ ज़मीन पर हुकूमत की है?

जवाब.चार जिन में दो मोमिन (1)हज़रत सुलेमान अलेहिस्सलाम (2)हज़रत सिकन्दर ज़ुलक़रनेन दो काफ़िर(1)नमरूद (2)शद्दाद बिन आद जिन्हें लख़्ते नस्र कहा जाता है। (तकमीलुल कुरआन स0.40)

सवाल.686. कितने आसमान हैं उनके क्या नाम हैं?

जवाब.आसमान सात हैं। (1)पहले आसमान का नाम रकीआ है (2)दूसरे आसमान का नाम फ़ीदूम या माजून है (3)तीसरे आसमान का नाम मलकूत या हारयून है (4)आसमान का नाम ज़ाहिरा है (5)पांचवें आसमान का नाम मज़ीना या मुसह्हरा है (6)छटे आसमान का नाम ख़ालिसा है (7)सातवें आसमान का नाम लाबिआ या दामिआ है। (मकाशिफतल कुलूब स0 210)

सवाल.687. कौन आसमान किस रंग का है?

जवाब.पहला दूध जैसी सफ़ेद चीज़ से बना है। मगर कोहकोफ़ की हरयाली की वजह से ये हरा नज़र आता है दूसरा लोहे का बना है उसका रंग सूरज की रोशनी की शआओं का है तीसरा तांबे का है उसी के रंग का है चोथा ख़ैरगी पैदा करने वाली सफ़ेद चांदी से बना है यह चांदी ही के रंग का है पांचवां सुर्ख़ सोने का है उसका रंग भी सोने ही का है छटा चमकदार मोतियों से बना है यह भी उसी

रंग का है सातवां सुर्ख़ याकूत का बना है उसका रंग सुर्ख़ है। (मकाशिफतल कुलूब स0.210)

सवाल688आसमानी मशहूर सितारे कितने हैं और किसका कहां मक़ाम है?

जवाब.मशहूर व मारूफ़ सितारे सात हैं (1)जहल जो शम्बा के दिन का सितारा है यह सातवीं आसमान में है (2)मुसतरी जो पंजशम्बा का है यह सितारा छटे आसमान में (3)मरीख़ यह शम्बा का सितारा है जो पांचवें आसमान में है (4)शम्स यह यकशम्बा का सितारा है जो चोथे आसमान में है (5)ज़ोहरा यह जुमा का सितारा है जो तीसरे आसमान में है (6)अतारूया चहार शम्बा का सितारा है जो दूसरे आसमान में है (7)क़मर दो शम्बा का सितारा है यह पहले आसमान में है। (मकाशिफतल कुलूब स0.211)

सवाल.689. आसमान कहां है?

जवाब.कुर्सी में।

सवाल.690. कर्सी कहां है?

जवाब.अर्शे इलाही के सामने। (मकाशिफतल कुलूब स0.212)

सवाल.691. अर्शे इलाही किस चीज़ का बना है?

जवाब.बाज कहते हैं कि सुर्ख़ याक़ूत का बाज़ कहते हैं सफ़ेद मोती का। (मकाशिफतल कुलूब स0.212)

सवाल.692. सूरज और कुर्सी में ज़ियादा किसका नूर है?

जवाब. सूरज कुर्सी के नूर का सत्तरवां हिस्सा है। (मकाशिफतल कुलूब स0.212)

सवाल.693. अर्शे इलाही और हिजाबाते इलाही में किसका नूर ज़ियादा है?

जवाब.हिजाबाते इलाही का अर्शे इलाही हिजाबाते इलाही

का सत्तरवां हिस्सा है। (मकाशिफ़तल कुलूब स0.212)

सवाल.694. अर्श व कुर्सी के उठाने वाले कौन हैं और उनके और अर्श व कुर्सी के माबीन कितने परदे हाइल हैं?

जवाब.फ़रिश्ते अर्श व कुर्सी और फ़रिश्तों के माबीन सत्तर हज़ार नूर के और सत्तर हज़ार जुलमत के परदे हाइल हैं। हर परदे का फ़ासला पांचसौ साल का है। (मकाशिफतल कुलूब स0 212)

सवाल.695. कुर्सी क्या चीज़ है और वो कितनी वसीअ व अरीज़ है?

जवाब.कुर्सी एक मोती है जिसे अल्लाह तआला के सिवा कोई नही जानता और सातों आसमान और ज़मीन कुर्सी के सामने ऐसे हैं जेसे किसी वसीअ सेहरा में एक हलका पड़ा हुआ हो। (मकाशिफ़तल कुलूब स0.212)

सवाल.696. आसमान में सब से अफ़ज़ल क्या है?

जवाब.कुर्सी है। (मकाशिफ़तल कुलूब स0.320)

सवाल.697. बेतुल मामूर कहां है और वो किस चीज़ से बना है?

जवाब.सातवें आसमान में यह सुर्ख़ अक़ीक़ का बना है।

सवाल.698. बेतुलमामूर के कितने सुतून हैं और कौन किस चीज़ सेबने हैं?

जवाब. चार सुतून हैं (1)एक सुर्ख़ याक़ूत का दूसरा सब्ज़ जमर जद का तीसरा सफ़ेद चांदी का चोथा सुर्ख़ सोने का। (मकाशिफ़तल कुलूब)

सवाल.699. क्या आसमान पे शैतान भी रहते थे अगर रहते थे तो उसके क्या नाम हैं?

जवाब.पहले पर आबिद दूसरे पर ज़ाहेद तीसर पर

आरिफ़ चोथे पर वली पांचवें पर मुत्तक़ी छटे पर अज़ाज़ील सातवें पर इबलीस था। (मकाशिफतल कुलूब स0.102)

सवाल.700. सूरज और चांद का रूख़ किस जानिब है?

जवाब.रूख़ आसमान की जानिब और पीठ ज़मीन की जानिब।

सवाल.701. क्या चांद ज़मीन से बड़ा है?

जवाब. बल्के ज़मीन चांद से चोगुनी बड़ी है।

(इसलाम और चांद का सफ़र स0.55)

सवाल.702. क्या ज़मीन सूरज से बड़ी है?

जवाब.नही सूरज तक़रीबन ज़मीन से तेहरा लाख गुना बड़ा है। (इसलाम और चांद का सफ़र स0.51)

सवाल.703. चांद ज़मीन से कितनी दूरी पर है?

जवाब.दो लाख मील से कुछ ज़ाइद पर है।

सवाल.704. सूरज ज़मीन से कितनी दूरी पर है?

जवाब.नो करोड़ तीस लाख मील की दूरी पर हैं।

(इसलाम और चांद का सफ़र स0.51)

सवाल.705. सिदरतुल मुन्तहा क्या चीज़ है?

जवाब.एक बैर का दरख़्त है जिसकी जड़ छटे आसमान में और उसकी टहनियां सातवें आसमान में फैली हुई हैं और बलन्दी सातवें आसमान से भी ज़ियादा है उसके फल मटके की तरह और उसके पत्ते हाथी के कान की तरह हैं यही हज़रत जिब्राईल का क़याम गाह है। (शाने हबीबुर्रहमान स0.93)

सवाल.706. उस से आगे कौई जा सकता है?

जवाब.हुज़ूर सललल्लाहु अलेहिवसल्लम के सिवा कोई नही जा सकता। (मवाहिबे लदुन्निया जि0.2 स0.2)

मुतफ़र्रिक़ मालुमात

सवाल.707. हुजूर सलल्लाहु अलेहिवसल्लम ने फ़रमाया के पांच चीज़ों की मोहब्बत पांच चीज़ों को भुला देती है वो कौनसी पांच चीजें हैं?

जवाब.जो दुनिया से मोहब्बत रखेगें खालिक़ को भूल जायेंगे जो गुनाहों से मोहब्बत रखेंगे वो तोबा को भूल जायेंगे जो मकानों से मोहब्बत रखेंगे वो कब्र को भूल जायेंगे। (मकराशिफतुल कुलूब स0.29)

सवाल.708. बरोज़े क़यामत सबसे पहले किस चीज़ के बारे में दरयाफ़्त होगा?

जवाब.नमाज़ के बारे में।

सवाल.709. क़यामत कहां कायम होगी?

जवाब.दमिश्क़ में। (मिश्कात)

सवाल.710. क्या बाज़ जानवर भी जन्नत में जायेंगे?

जवाब.जायेंगे। मसलन हुजूर अक़दस सलल्लाहु अलेहिव0 का नाक़ा, हज़रत ईसा अलेहिव0 का ख़च्चर,असहाबे कहफ़ का कुत्ता।

सवाल.711. असहाबे कहफ़ की तादाद कितनी है उनके क्या नाम हैं?

जवाब.सात। (1)मकसलमीना (2)यमलीख़ा (3)मरतूनस (4) बीनूनस(5)सारी नोनस (6)जून वानिस(7)कश्फूतत नूनुस। (हाशिया कन्जुलईमान। प0 15 रू013)

सवाल.712. उस वादी का क्या नाम है जिसमें असहाबे कहफ़ रहते हैं?

जवाब.वादी रक़ीम। (क्या आप जानते हैं स0.246)

सवाल.713. असहाबे कहफ़ के कुत्ते का क्या नाम है?

जवाब.कितमीर। (हाशिया कन्जुलईमान 15/रू0.13)

सवाल.714. असहाबे कहफ़ किस ज़ालिम बादशाह के डर से पहाड़ की ग़ार में चले गये थे?

जवाब.दक़या नूस बादशाह के डर से।(हाशिया कन्जुलईमान 15/रू0.13)

सवाल.715. असहाबे कहफ़की नींद कितने साल के बाद खुली?

जवाब. तीन सौ बरस से भी ज़ियादा के बाद।

(हाशिया कन्जुलईमान 15/रू0.13)

सवाल.716. उस नेक बादशाह का क्या नाम है जिसके ज़माने में असहाबे कहफ़ के वाकेअ का राज़ फ़ाश हुआ?

जवाब.बैदरूस। (हाशिया कन्जुलईमान 15/रू0.13)

सवाल.717. हुजूर अक़दस सलल्लाहु अलेहिवसल्लम ने बाद हिजरत कितने महीने तक बेतुल मुक़द्दस को क़िब्ला बना कर नमाज़ पढ़ी?

जवाब.क़रीब सत्तर महीने तक। (सीरते मुस्तफा)(हाशिया कन्जुलईमान प0.2/रू0.1)

सवाल.718. वो कौनसी नामज़ थी जब तहवील क़िब्ला का हुक्म आया?

जवाब.नमाज़े ज़ोहर की तीसरी रकअत के रूकुअ में।

(क्या आप जानते हैं स0.330)

सवाल.719.हमारी इबादतों में किसका दरजा अफ़ज़ल है?

जवाब.नमाज़ का। (क्या आप जानते है स0.324)

सवाल.720. सबसे पहले फ़जर की नमाज़ किसने पढ़ी और क्यूं पढ़ी?

जवाब. हज़रत आदम अलेहिस्सलाम ने पढ़ी जब उनकी तोबा क़ुबूल हुई। (शाने हबीबुर्रहमान स0.97) (क्या आप जानते हैं स0.324)

सवाल.721. सबसे पहले ज़ोहर की नमाज़ किसने पढ़ी और क्यूं?

जवाब.हज़रत इब्राहीम अलेहिस्सलाम ने पढ़ी हज़रत

इसमाईल का फिदया दुम्बे की सूरत में आने पर।

(क्या आप जानते हैं स0.324) (शाने हबीबुर्रहमान स0 97)

सवाल.722.सबसे पहले अम्र की नामज़ किसने पढ़ी और क्यू पढ़ी?

जवाब.हज़रत उज़ैर अलेहिस्सलाम ने पढ़ी जब सौ बरस के बाद ज़िन्दा हुऐ। (शाने हबीबुर्रहमान स0 97) (क्या आप जानते हैं स0.324)

सवाल.723. सबसे पहले मग़रिब की नमाज़ किसने पढ़ी और क्यूं?

जवाब.हज़रत दाउद अलेहिस्सलाम ने पढ़ी अपनी तोबा कुबूल होने के शुकरिया में मगर नियत चार रकअत की थी थक जाने की वजह से तीन रकअत में ही सलाम फैर दिया जिसकी वजह से मग़रिब में तीन ही रकअत की रह गई। (क्या आप जानते हैं स0 324) (शाने हबीबुर्रहमान स0 97)

सवाल.724. सबसे पहले नमाज़े इशा किसने अदा की?

जवाब.हुज़ूरे अकदस सललल्लाहु अलेहिवसल्लम ने।

(शाने हबीबुर्रहमान स0 97)(क्या आप जानते हैं स0.324)

सवाल.725. सबसे पहले अज़ान किसने दी?

जवाब.हज़रत जिब्राईल अलेहिस्सलाम ने मेराज की रात बेतुल मुक़द्दस में दी। (शाने हबीबुर्रहमान स0.327)

सवाल.726. इसलाम की सबसे पहली मस्जिद कोनसी है?

जवाब.मस्जिदे कुबा। (सीरते मुस्तफा स0.136)

सवाल.727. किस सहाबी रसूल की जमीन पर मस्जिद कुबा बनी?

जवाब.हज़रत कुलसूम बिन हदम रज़ि0 की ज़मीन पर।

सवाल.728. इसलाम सबसे पहले किसने जुमा क़ायम किया था?

जवाब.हज़रत असद बिन ज़रा रज़ि0 ने। (क्या आप जानते हैं स0.332)

सवाल.729. वो कौन ऐसी मस्जिद है जिमें नमाज़ियों के आगे से गुज़रने में गुनाह नही होता?

जवाब.मस्जिदे हराम। (क्या आप जानते है स0 333)

सवाल.730. अज़ान केलिए सबसे पहले मीनार किसने तामीर कराया?

जवाब.हज़रत अमीर मआविया रजि0 ने। (क्या आप जानते है स0 332)

सवाल.731. सबसे पहले अल्लाह तआला ने ज़मीन का कौनसा हिस्सा बनाया?

जवाब.वो हिस्सा जहां अभी ख़ाना ए काअबा है। [illegible]

सवाल.732. ख़ाना ए काअबा की तामीर कितनी बार हुई और किस किस ने कि?

जवाब. दस बार (1)सबसे पहले फ़रिश्तों ने ठीक बेतुल मामूर के सामने ज़मीन पर ख़ाना ए काअबा बनाया (2)दूसरी बार हज़रत आदम अलेहिस्सलाम ने की (3)तीसरी बार हज़रत आदम अलेहिस्सलाम के फ़रज़न्दों ने की (4)चोथी बार हज़रत इब्राहीम और उनके फ़रज़न्द हज़रते इसमाईल अलेहिस्सलाम ने की (5)पांचवी बार क़ोमे अमालिका ने की (6)छटी बार क़बील ए जरहम ने की (7)सवातवीं बार कसी इबने कुलाब ने की (8)आठवीं बार कुरैश ने की जिसमें हुज़ूर सललल्लाहु ने 35 साल की उम्र शरीफ़ में हिस्सा लिया 9नवीं बार हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर ने की(10)दसवींबार हुज्जाज बिन यूसुफ़ सक़फ़ी ने कराई। (सीरते मुस्तफा स0 78/79)

सवाल.733.सबसे पहले किस जानवर को पैदा किया गया?

जवाब.मछली को।

सवाल.734. सबसे पहले सुबहानअल्लाह किसने कहा?
जवाब.हज़रत जिब्राईल ने अर्श इलाही की अज़मत को देखकर कहा। (क्या आप जानते हैं स0.206)
सवाल.735.सबसे पहले अलहमदो लिल्लाह किसने कहा?
जवाब.हज़रत नूह अलेहिस्सलाम ने तूफ़ान देखकर कहा। (क्या आप जानते हैं स0.206)
सवाल.736. सबसे पहले अल्लाहुअकबर किसने कहा?
जवाब.हज़रत इब्राहीम अलेहिस्सलाम ने कहा हज़रत इसमाईल का फ़िदया दुम्बे की सूरत में देख कर। (क्या आप जानते हैं स0.206)
सवाल.737. हज़रत आदम अलेहिस्सलाम को कितनी ज़ाबानों का इल्म था?
जवाब.सात लाख ज़बानों का इल्म था। (क्या आप जानते हैं स0.73)
सवाल.738. सबसे पहले घोड़े की सवारी किसने की?
जवाब.हज़रत इदरीस अलेहिस्सलाम ने।
सवाल.739. ओज बिन अनक़ का क़द कितना था उसकी उम्र कितनी थी?
जवाब.23.तेईस हज़ार तीन सौ गज़ था उसकी उम्र तीन हज़ार छः सौ साल की हुई उसका सर बादल से लगता था। (क्या आप जानते हैं स0.80)
सवाल.740. ओज बिन अनक़ किसी शहर के लोगों से नाराज़ होता तो क्या करता?
जवाब.तो उनपर पैशाब कर देता जिस से वो डूब जाते। (क्या आप जानते हैं स0.80)
सवाल.741. सबसे पहले किस औरत ने कान छिदाये?
जवाब.हज़रत हाजरा रज़ि0 ने। (उमदतुलकारी जि0.7 स0.360)
सवाल.742. हमारे नबी की उम्मत में सबसे पहले नमाज़

किसने पढ़ी?
जवाब.हज़रत ख़दीजा तुलकुबरा रज़ि0 ने। (आकानी जि0.1 स0.241)
सवाल.743. सबसे पहले दाढी किसने मुंडाई?
जवाब.कौमे लूत ने।
सवाल.744. सबसे पहले लम्बी लम्बी मूंछें किसने रखी?
जवाब.कौमे लूत ने।
सवाल.745. सबसे पहले कुरआन को किताबी सूरत में किसने जमा किया?
जवाब.हज़रत अबुबकर सिद्दीक़ रज़ि0 ने। (तारीख़ुल ख़ुलाफ़ा स0.57)
सवाल.746. बीस रकअत की तरावीह की नमाज़ किसने ईजाद की?
जवाब.हज़रत उमर फ़ारूक़ रज़ि0 ने। (तारीख़ुल ख़ुलाफ़ा स0.97)
सवाल.747. सन् हिजरी किसने ईजाद की?
जवाब.हज़रत उमर फ़ारूक़ रज़ि0 ने। (तारीख़ुल ख़ुलाफ़ा स0.97)
सवाल.748. सबसे पहले मर्दुम शुमारी किसने की?
जवाब.हज़रत उमर ने। (तारीख़ुल इसलाम जि0.1 स0.368)
सवाल.749.पुलिस का महकमा सबसे पहले किसने क़ायम किया?
जवाब.हज़रत उमर फ़ारूक़े आज़म रज़ि0 ने। (तारीख़ुल इसलाम जि0.1 स0.368)
सवाल.750. सबसे पहले मस्जिदों में महराब किसने बनवाई?
जवाब.हज़रत उसमान ग़नी ने। (तारीख़ुल ख़ुलाफ़ा स0.116)
सवाल.751. सबसे पहले कोतवाल और पुलिस किसने मुक़र्रर की?
जवाब.हज़रत उसमान ग़नी ने। (तारीख़ुल ख़ुलाफ़ा स0.116)
सवाल.752. इल्मे नुजूम का मोजिद कौन है?

जवाब.हज़रत अली रज़ि0 ने।

सवाल.753. सबसे पहले मस्जिदों में रोशनदान किसने लगवाये?

जवाब.हज़रत अमीर मआविया रज़ि0 ने। (तारीखुल खुलाफा स0 140)

सवाल.754. रोज़ा किस सन् हिजरी में फ़र्ज़ हुआ?

जवाब.सन् दो हिजरी में। (क्या आप जानते हैं स0 366)

सवाल.755. ज़कात किस सन् हिजरी में फ़र्ज़ हुई?

जवाब.सन् 2 हिजरी में फ़र्ज़ हुई (दुर्रे मुअरिरद मुख्तार दोम स0.2)

सवाल.756. सदक़ा किस सन् में वाजिब हुआ?

जवाब.सन् दो हिजरी में। (क्या आप जानते हैं स0.366)

सवाल.757. महीनों में किस महीने का नाम कुरआन में आया?

जवाब.रमज़ान का। (क्या आप जानते है स0 366)

सवाल.758. शबे क़दर में कितने झंण्डे नाज़िल होते हैं उन झंण्डे का क्या नाम है?

जवाब. (1)लावाउल हम्द (2)लवाउर्रहमा (3)लावउल मग़फ़िरा (4)लवाउलकरामा।

सवाल.759. हर झण्डे के साथ में कितने फ़रिश्ते होते हैं उस शब झण्डे क्या करते हैं?

जवाब.हर झण्डे के साथ सत्तर हज़ार फ़रिश्ते होते हैं और हर झण्डा मुसलमानों के दरवाज़ों पर सलाम करने आते हैं। (क्या आप जानते है स0.366/367)

सवाल.760. हज किस सन् में फ़र्ज़ हुआ?

जवाब.9/ नौ हिजरी के आख़ीर में फ़र्ज़ हुआ। (दुर्रे मुख्तार दोम स0 143)

सवाल.761. हुज्जतुल वदाअ किस सन् में वाकेअ हुआ?

जवाब.दस हिजरी में वाकेअ हुआ। (क्या आप जानते हैं स0.377)

सवाल.762. इस दुनिया में सबसे ज़ियादा कितने लोग

रोये रोने की वजह क्या थी?

जवाब.पांच लोग (1)हज़रत आदम अलेहिस्सलाम अपनी ख़ता पर शर्मिन्दा होकर (2)हज़रत याह या अलेहि0 खौफ़े ख़ुदा मे (3)हज़रत याकूब अलेहिस्सलाम फ़िराक़े यूसुफ़ अलेहिस्सलाम में(4)हज़रत फ़ातिमा तुज़्ज़ोहरा रज़ि0 हुज़ूर सललल्लाहु अलेहिवसल्लम की वफ़ात पर (5)हज़रत इमाम ज़ैनुल आबेदीन वाक़ेआ ए करबला के बाद। (शाने हबीबुर्रहमान स0.23)

सवाल.763. हज़रत आदम अलेहिस्सलाम के आंसुओं की मिक़दार कितनी थी?

जवाब.उतनी के अगर दुनियां के सारे आसुओं को जमा कर दिया जाये तो उसके बराबर नही हो सकते। (शाने हबीबुर्रहमान स0.23)

सवाल.764. किस मुक़द्दस हसती को नमाज़ में सलाम करना वाजिब है?

जवाब.हुज़ूर अलेहिस्सलात वस्सलाम को। (शाने हबीबुर्रहमान स0.31)

सवाल.765. बरोज़े क़यामत ग़ैर जानदार कौन सी चीज़ें शफ़ाअत करेंगी?

जवाब. ख़ानऐ काअबा, मसाजिद, कुरआन पाक, माहे रमज़ान। (शाने हबीबुर्रहमान स0.32)

सवाल.766. क़यामत के दिन सबसे पहले शफ़ाअत कौन करेंगे हुज़ूर सय्यदुल मुरसलीन सललल्लाहु अलेहिवसल्लम। (मवाहिबे लदुन्निया जि0 दहुम स0 402)

तज़किर ऐ आइम्मा किराम व मुहद्दिसीन ए इज़ाम

सवाल.766. मसालिक कितने हैं और उनके इमाम कौन कौन हैं?

जवाब.चार हैं (1)इमामे आज़म अबुहनीफ़ा (2)इमामे शाफ़ई (3)इमामे मालिक(4)इमाम अहमद बिन हनबलरज़ि0।

सवाल.767. इमामे आज़म की तक़लीद करने वालों को क्या कहते हैं?

जवाब.हनफ़ी।

सवाल.768. इमामे आज़म का पूरा नाम क्या है?

जवाब.नोमान इबने साबित इबने ज़दती। (हयात इमामे आज़म 3)

सवाल.769. कुन्नियत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुन्नियत अबुहनीफ़ा और लक़ब इमामे आज़म।

(हयात इमामे आज़म 3)

सवाल.770. पैदा कहां हुये किस सन् में हुये?

जवाब.कूफ़ा शहर में सन् 80 हि0 में। (हयात इमामे आज़म 3)

सवाल.771. वो कौन ऐसे इमाम हैं जो तबई भी हैं?

जवाब.हज़रत इमामे आज़म अबुहनीफ़ा रज़ि0 हैं।

(तुजहतुलकारी जि0 1 स0.115)

सवाल.772. हज़रत इमामे आज़म अबु हनीफ़ा कितने सहाबियों का ज़माना पाये?

जवाब.तीस सहाबा का। (तुजहतुलकारी जि0 1 स0.114)

सवाल.773. उनमें से कुछ मशहुर सहाबी का नाम बतायें?

जवाब.1. हज़रत अनस बिन मालिक रज़ि0 2.हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ूफ़ी रज़ि0 3.हज़रत सहल बिन कअब रज़ि0 4.हज़रत अबु तुफ़ैल बिन आमिर बिल व असलहु रज़ि0। (हयात इमाम आज़म 4)

सवाल.774. कितने लोगों से आपने हदीसें हासिल कीं?

जवाब.चार हज़ार मशाइख़ से अहादीस अख़ज़ कीं।

(तुजहतुलकारी जि0 1 स0.122)

सवाल.775. कितने ताबईन से हदीसें सुनीं?

जवाब.तीन सौ ताबईन से। (तुजहतुलकारी जि0 1 स0.125)

सवाल.776. इमामे आज़म अबु हनीफ़ा रज़ि0 ने कितने हज किये?

जवाब.पचपन हज किये। (तुजहतुलकारी स0.166)

सवाल.777. हज़रत इमामे आज़म अबु हनीफ़ा के मशहूर उसताद का नाम क्या है और कितने साल उनसे इल्म हासिल किया?

जवाब. हज़रत अम्माद बिन अबी सुलेमान उनकी ख़िदमत में तक़रीबन अठारह साल इल्म हासिल किया।

(हयात इमामे आज़म 13)

सवाल.778. आपके असातज़ा की तादाद कितनी है?

जवाब.चार हज़ार तो ताबईन थे। ग़ैर ताबईन की तादाद भी काफी है। (हयात इमामे आज़म 14)

सवाल.779. आपके मशहूर शागिरदों के क्या नाम है?

जवाब.याक़ूब इबने इब्राहीम "अबु यूसुफ़" मोहम्मद इबने हसन,ज़ाफ़र इबने हज़ील रज़ि0। (हयात इमामे आज़म 19/20)

सवाल.780. आपका विसाल कैसे हुआ?

जवाब.उस दोर के मुस्लिम हुक्मरान मनसूर ने आपको कैद ख़ाने में ढलवाकर ख़ुफ़िया ज़हर दिलवा दिया जब इमामे आज़म को उस ज़हर का असर हुआ तो ख़ालिके बेनियाज़ की बारगाह में सजदा किया और सजदे कि ही हालत में रूह परवाज़ कर गई।

सवाल.781. हज़रत इमामे आज़म की नमाज़े जनाज़ा किसने पढ़ाई और कितने लोग शरीक थे?

जवाब.पहली बार जनाज़े में पचास हज़ार लोग शरीक थे।

छः बार नमाज़ हुई आख़िर में आपके साहबज़ादे हज़रत हमाद ने नमाज़ेजनाज़ा पढ़ाई।

सवाल.782. आपका विसाल कब हुआ और आप कहां मदफून हैं?

जवाब.आपका विसाल नव्वे साल की उम्र में शाबान की दूसरी तारीख़ को सन् 150 हि0 में हुआ और आप कब्रिस्तान ख़ेज़रान में मदफून हैं।(तुजहतुलकारी जि0 1 स0 163)

सवाल.783. कितने दिन तक लोग आपकी नमाज़े जनाज़ा पढ़ते रहे?

जवाब.दफ़न के बाद भी बीस दिन तक लोग नमाज़े जनाज़ा पढ़ते रहे। (नुजहतुलकारी जि0 1 स0 163)

सवाल.784. आपके मज़ार पर गुम्बद किसने बनवाया?

जवाब.सुलतान अल्प अरसलान सलजूक़ी ने सन् 456हि0. में बनवाया। (अहले सुन्नत की आवाज़ अक्तूबर 222/2002)

सवाल.785.इमाम शफ़ई की कुन्नियत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुन्नियत अबु अब्दुल्लाह और लक़ब शाफ़ई है।

(हयात इमामे आज़म)

सवाल.786. इमाम शाफ़ई कब पैदा हुये और कहां पैदा हुये?

जवाब.सन् 150 हि0. को मक़ामें मिना में पैदा हुये।

(हयात इमामे आज़म) (अहले सुन्नत की आवाज़ अक्तूबर 2002/222)

सवाल.787. आपकी तक़लीद करने वाले क्या कहलाते हैं?

जवाब.शाफ़ई कहलाते हैं। (हयात इमाम आज़म स0 56)

सवाल.788. आपका विसाल कब हुआ और आपका मज़ार कहां है?

जवाब.आपका विसाल सन् 204 हि0. में हुआ और आपका मज़ार मिस्र में है। (हयात इमामे आज़म स0 56)

सवाल.789. इमाम मालिक का पूरा नाम क्या है?

जवाब.मालिक बिन अनस है। (अहले सुन्नत की आवाज़ अक्तूबर 202 स0.222)

सवाल.790. आपकी कुनेत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुन्नियत अबु अब्दुल्लाह और लक़ब इमाम दारूल हिजरा है।

(हयात इमामे आज़म स0.53)

सवाल.791. हज़रत इमाम मालिक रज़ि0 की तक़लीद करने वाले क्या कहलाते हैं?

जवाब.मालिकी कहलाते हैं। (हयात इमामे आज़म स0.55)

सवाल.792. क्या इमाम मालिक भी ताबाई थे?

जवाब.हां आप भी ताबाई थे। (अहले सुन्नत की आवाज़ अक्तूबर 2002/222)

सवाल.793. आप किस हिजरी को पैदा हुये?

जवाब.आपकी पैदाइश सन् 90 हि0. को हुई। (हयात इमामे आज़म स0.53)

सवाल.794. हज़रत इमाम मालिक का विसाल कब हुआ और कहां मदफून हुये?

जवाब.89 साल की उम्र में सन् 179 हि0. को विसाल हुआ और मदीना मुनव्वरा के कब्रिस्तान जन्नतुलबक़ी में मदफुन हुये। (हयात इमामे आज़म स0.53)

सवाल.795. हज़रत इमाम अहमद बिन हंम्बल का पूरा नाम क्या है?

जवाब.अहमद बिन मोहम्मद बिन हंम्बल है। (हयात इमामे आज़म स0 58)

सवाल.796. आप किस हिजरी में पैदा हुये?

जवाब.सन् 164 हि0. को बग़दाद शरीफ़ में पैदा हुये।

(हयात इमामे आज़म) (अहले सुन्नत की आवाज़ 85/2002)

सवाल.797. आपकी तक़लीद करने वाले क्या कहलाते हैं?

जवाब.हंम्बली कहलाते हैं। (हयात इमामे आज़म स0 58)

सवाल.798. किस इमाम ने सबसे फ़ाक़ा कसी की ज़िन्दगी बसर की?

जवाब.हज़रत इमाम अहमद बिन हंम्बल रज़ि0 ने।

(सीरते इलाहा अरबाअ स0.531)

सवाल.799. आपने कितने हज किये और कितने सवारी पर और कितने पैदल?

जवाब. आपने पांच हज किये तीन पैदल और दो सवारी पर। (अहले सुन्नत की आवाज 2002/225)

सवाल.800. हज़रत शैख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी (हुजूर ग़ोसे आज़म) रज़ि0 किस इमाम के मुक़ल्लिद थे?

जवाब.हज़रत इमाम अहमद बिन हंम्बल रज़ि0 के मुक़ल्लिद थे। (हयात इमामे आजम स0.224)

सवाल.801. आपका विसाल किस सन् हिजरी में हुआ?

जवाब.आपका विसाल सन् 251 हि0 को बग़दाद शरीफ़ में हुआ। (अहले सुन्नत की आवाज अक्तूबर 2002 स0.224)

सवाल.802. आपकी नमाज़े जनाज़ा में कितने लोग शरीक हुये?

जवाब.25/ लाख लोग शरीक हुये। (हयात इमामे आजम स0.60)

सवाल.803. आपके विसाल के दिन नमाज़े जनाज़ा और दफ़न के मंज़र से मुतास्सिर हो कर कितने कुफ्फार मुसलमान हुये?

जवाब.बीस हज़ार कुफ़्फ़ार मुसलमान हुये। (हयात इमामे आजम स0.60)

सवाल.804.सहाहे सित्ता में कौन कौन सी किताबें आतीं हैं?

जवाब.(1)बुख़ारी शरीफ़ (2)मुस्लिम शरीफ़ (3)अबु दाउद शरीफ़ (4)तिरमिज़ी शरीफ़(5)नसाई (6)इब्ने माजा।

(नुजहतुल कारी जि0 1 स0.49)

सवाल.805. बुख़ारी शरीफ़ के मुसन्निफ़ कौन हैं?

जवाब.इमाम मोहम्मद अबु अब्दुल्लाह रज़ि0।

सवाल.806. उनकी कुनेत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुन्नियत अबु अब्दुल्लाह और अलक़ाब अमीरूल मोमेनीन फ़िलहदीस। नासिरूल अहादीस अन्नबूया नाशिरूल मवारीस अल हमदिया हैं।

सवाल.807. आपकी विलादत किस तारीख़ को हुई?

जवाब.मावरा उन्नहर के मशहूर शहर बुख़ारा में13/शव्वाल सन् 194 हि0 को बरोज़ जुमा बाद असर पैदा हुये।

(नुजहतुल कारी जि0 1 स0.50)

सवाल.808. आपका विसाल कहां हुआ किस तारीख़ को हुआ?

जवाब.आपका विसाल समर क़न्द के क़रीब मोज़ा ख़रतंग में तैरह दिन कम बासठ साल की उम्र में हफ्ते के दिन यकम शव्वाल की रात को सन् 256 हि0 को हुआ। (नुजहतुल कारी जि0 1 स0.68)

सवाल.809. मुस्लिम शरीफ़ के मुसन्निफ़ कौन हैं?

जवाब.मुस्लिम शरीफ़ के मुसन्निफ़ का नाम इमाम मुस्लिम है। (नुजहतुल कारी जि0.1 स0.68)

सवाल.810.इमाम मुस्लिम की कुन्नियत और लक़ब क्या है?

जवाब.कुन्नियत अबुल हुसैन और लक़ब असाकरूद्दीन।

सवाल.811. इमाम मुस्लिम कहां पैदा हुये और किस तारीख़ को पैदा हुये?

जवाब. ख़ुरासान के मशहूर शहर नीशा पुर में सन् 206 हि0 को पैदा हुये। (बआहवालुलमुसन्निफीन स0.141)

सवाल.812. इमाम मुस्लिम रज़ि0 का विसाल कब हुआ?

जवाब.24/रजब यकशम्बा के दिन सन् 261 हि0 का विसाल हुआ। (बआहवालुलमुसन्निफीन स0.141)

सवाल.813. सुनन अबु दाउद के मुसन्निफ़ "लिखने वाले" कौन हैं?

जवाब.हज़रत सुलेमान रज़ि0। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 141)

सवाल.814. हज़रत सुलेमान अलेहि0 की कुनेत क्या है?

जवाब.अबु दाऊद। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 141)

सवाल.815.हज़रत सुलेमान अबु दाऊद रज़ि0की विलादत कब हुई? और कहां हुई?

जवाब.आपकी विलाद मक़ामे सीसतान में सन् 202 हि0 को हुई। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 148)

सवाल.816. हज़रत सुलेमान अबु उाऊद रज़ि0का विसाल किस तारीख़ को हुआ?

जवाब.73/साल की उम्र में 16/शव्वाल सन् 275/हि0 बरोज़ जुमा को हुआ। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 155)

सवाल.817. जामे तिरमिज़ी शरीफ़ के मुसन्निफ़ कौन हैं? उनका क्या नाम है और कुन्नियत क्या है?

जवाब.नाम मोहम्मद और कुनेत अबु ईसा है। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 167)

सवाल.818. आपकी तारीख़ विलादत क्या है और आप की विलादत कहां हुई?

जवाब.आप सन् 209 हि0को तिरमिज़ में पैदा हुये।

सवाल.819. आपके विसाल की तारीख़ क्या है?

जवाब.आपका विसाल 13/रजब सन् 279 हि0 दो शम्बा के दिन हुआ। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 171)

सवाल.820. नसाई के मुसन्निफ और कुनेत क्या है?

जवाब.नाम अहमद और कुनेत अबु अब्दुर्रमान है। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 180)

सवाल.821. आपकी तारीख विलादत क्या है और मक़ामे विलादत कहां है?

जवाब.आप ख़िरासन के शहर निसा में सन् 215 हि0 में पैदा हुये। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 180)

सवाल.822. आपका किस तारीख़ को विसाल हुआ?

जवाब.आपका विसाल 13/सफ़र सन् 303 हि0 को हुआ। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 187)

सवाल.823. इब्ने माजा के मुसन्निफ़ का क्या नाम और कुन्नियत क्या है?

जवाब.नाम मोहम्मद और कुनेत अबु अब्दुल्लाह है। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 192/194)

सवाल.824. आप किस सन् हिजरी में पैदा हुये?

जवाब.आप सन् 209 हि0 को पैदा हुये।

सवाल.825. आपका विसाल कब हुआ?

जवाब.आपका विसाल सन् 303 हि0 में हुआ। (बअहवालुलमुसन्नेफ़ीन स0 196)

तज़किरा ए मुजद्दिदीने किराम

सवाल.826. पहली सदी के मुजद्दिद कौन है?

जवाब.ख़लीफ़ा ए राशिद हज़रते उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रज़ि0 हैं।

सवाल.827. दूसरी सदी के मुजद्दिद कौन है?

जवाब.हज़रत इमाम शाफ़ई और इमाम हसन बिन ज़ियाद रज़ि0 हैं।

सवाल.828. तीसरी सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब. क़ाज़ी अबु अलअबास बिन शरीह व इमाम अबुलहसन अश्शेअरी और मोहम्मद बिन जरीर तबरी रज़ि0 हैं।

सवाल.829. चोथी सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.इमाम अबु बकर बिन बाक़लानी व इमाम अबु हामिद असफ़राईनी रज़ि0 हैं।

सवाल.830. पांचवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.क़ाज़ी फ़ख़रूद्दीन हनफ़ी और इमाम मोहम्मद बिन ग़ज़ाली हैं।

सवाल.831. छटी सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.इमाम फ़ख़रूद्दीन राज़ी हैं।

सवाल.832. सातवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.तक़ीउद्दीन बिन दक़ीक़उलअबदी हैं।

सवाल.833. आठवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.इमाम जैनउद्दीन इराक़ी,अल्लामा शमसउद्दीन जरजी और अल्लामा सिराजउद्दीन बलक़ीनी हैं।

सवाल.834. नवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.इमाम जलालउद्दीन सीवती और अल्लामा शमसउद्दीन सख़वी हैं।

सवाल.835. दसवी सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.इमाम शहाबउद्दीन रमली और मुल्ला अली क़ारी रज़ि0 हैं।

सवाल.836. ग्यारवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.इमाम रब्बानी हज़रत शैख़ अहमद सर हिन्दी व हज़रत शैख़ मोहक़िक्क़ अब्दुल हक़ मोहद्दिस देहलवी और अल्लामा मीर अब्दुलवाहिद बलगिरामी रज़ि0 हैं।

सवाल.837. बारवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.शहनशाहे हिन्दुस्तान अबुलमुजफ्फर मोहीउद्दीन औरंगज़ैब आलमगीर बादशाह ग़ाज़ी व हज़रत सय्यद शाह कलीमउल्लाह चिश्ती देहलवी व हज़रत शैख़ गुलाम नक़्शबन्दी लखनऊ और हज़रत क़ाज़ी मोहिब्बउल्लाह बिहारी हैं।

सवाल.838. तेहरवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.हज़रत अल्लामा शाह अब्दुल अज़ीज़ साहब मुहद्दिस देहलवी हैं।

सवाल.839. चोदवीं सदी के मुजद्दिद कौन है?

जवाब.आला हज़रत अज़ीमुल बरकत क़तेअ बिदअत हज़रत अल्लामा व मोलाना हाफ़िज़ व क़ारी अलहाज उश्शाह इमाम अहमद रज़ा ख़ां फ़ज़िल ए बरेलवी रज़ि0 हैं।

सवाल.840. क्या उनके अलावा भी कौई मुजद्दिद हैं?

जवाब.बाज़ लागों ने शाह वलीउल्लाह को भी मुजद्दिद कहा है लेकिन तसरीहात उलामा ए इसलाम के मुताबिक़ मुजद्दिद के शराइत उनमें मफ़क़ूद होने की वजह से उनका शुमार मुजद्दिद में नही होता।

वल्लाहु आलम बिस्सवाब

सवाल.841. क्या वहाबी हज़रात ने सय्यद अहमद राय बरेलवी और मोलवी इसमाईल को भी मुजद्दिद कहा है ये कहां तक दुरस्त है?


जवाब.हां वहाबियों ने उन्हें मुजद्दिद कहा है। मगर दुनिया जानती है के उन दानों ने इसलाह के नाम पर उम्मत में फ़ितना फसाद का बीज बो दिया है और मुसलमानों के पुराने अक़ाइद को बिगाड़ कर उनमें बद अक़ीदगी भर दी। फ़िर ऐसा शख़्स जिस पर कुफ़्र का फ़तवा हो जिसका ईमान ही मशकूक हो वो मुजद्दिद कैसे हो सकता है।

माख़ुज़:– अज़ मक़ाला अल्लामा सय्यद ज़फ़रउद्दीन बिहारी अलेहिर्रमां अप्रैल सन् 1962 ई0 स0.22


सवाल.842. पंद्रहवीं सदी के मुजद्दिद कौन हैं?

जवाब.मुफ़्ती ए आज़म हिन्द हज़रत अल्लामा शाह

वाआख़िरूददअवाना अनिल हम्दोलिल्लाहा रब्बिल आलामीन













AZAM PUBLICATION

423, Gali Sarote Wali, Matia Mahal, Jama Masjid,
Delhi-110006 , Mob:. 9250728875, 9718444323
E-mail:azampublisher@gmail.com

Rs. 50/-